वर्ष : 47 अंक 179
जौनपुर, मंगलवार
15 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
34°C | 23°C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8 | जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

कांग्रेस ने आंबेडकर का अपमान किया: मोदी

कहा- अगर चिंता है तो किसी मुस्लिम को अध्यक्ष क्यों नहीं बनाते

हिसार, 14 अप्रैल। सोमवार को हरियाणा के हिसार से अयोध्या की पहली फ्लाइट को हरी झंडी दिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति की है। डॉ. भीम राव आंबेडकर हमेशा संविधान के संरक्षक रहे, लेकिन कांग्रेस हमेशा संविधान की भक्षक रही है।

कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में गरीबों, दलितों, मुस्लिम, विधवा किसी का भला नहीं किया। 2013 में भी वक्फ कानून में बदलाव कर उसे डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान से ऊपर कर दिया। भाजपा ने अब वक्फ बोर्ड के कानून में बदलाव किया है।

वक्फ कानून पहले भू-माफिया के लिए बनकर रह गया था। अब नए कानून में कोई आदिवासी की जमीन को नहीं ले पाएगा। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट से हिसार-अयोध्या विमान को हरी झंडी दिखाने और हिसार एयरपोर्ट पर टर्मिनल-2 के शिलान्यास के लिए पधारे थे। मंच पर उन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के साथ गलत किया। जब तक वह जीवित रहे उनको अपमानित किया। उनको दो-दो चुनाव हरवाए। उनको उखाड़ फेंकने के लिए पूरी कांग्रेस सरकार लगी हुई थी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनकी याद को भी कांग्रेस ने मिटाने की कोशिश की।

उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर संविधान के संरक्षक रहे और कांग्रेस संविधान की भक्षक बनी। डॉ. आंबेडकर समानता लाना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस ने वोट बैंक का वायरस फैलाया। डॉ. आंबेडकर ने कांग्रेस के लंबे शासन काल में नेताओं के घर में स्वीमिंग पुल तक पानी पहुंच जाता था मगर गांव में नल से जल नहीं पहुंचा।

पीएम ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं देने की व्यवस्था की थी। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण का नुकसान मुस्लिम समाज को हुआ। कांग्रेस ने कुछ कट्टरपंथी को खुश किया।

मोदी ने कहा कि आजादी के बाद 2013 तक वक्फ का कानून चलता था। चुनाव जीतने के लिए तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए 2013 के अंतिम सत्र में कांग्रेस ने वक्फ कानून में संशोधन किया, ताकि वह वोट ले सके। वोट बैंक को खुश करने के लिए कांग्रेस ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के संविधान की ऐसी की तैसी कर दी। संविधान से वक्फ कानून को ऊपर कर दिया। कांग्रेस ने सिर्फ अपमान किया।

मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि वह वोट बैंक के भूखों को कहना चाहते हैं कि यदि मुस्लिम की चिंता है, तो वह कांग्रेस का पार्टी अध्यक्ष मुस्लिम को बनाए। 50 प्रतिशत टिकट मुस्लिम समाज को दें। कांग्रेस ये सब नहीं करना है बस नागरिक के अधिकारों को छीनना है। भला किसी का नहीं करना है। मोदी ने कहा कि वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर भूमि का ईमानदारी से प्रयोग होता तो मुस्लिम समाज के युवा पैंचर नहीं बना रहे होते।

सालासर डाक ध्वजा लेकर जा रहे श्रद्धालुओं को कार ने कुचला, दो की मौत-तीन घायल

श्री मुक्तसर साहिब, 14 अप्रैल। पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब में सालासर डाक ध्वजा लेकर शहर से निकले दो श्रद्धालुओं की रावतसर के पास हादसे में मौत हो गई। जबकि तीन अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। शनिवार की रात मुक्तसर से कुछ श्रद्धालु एक साथ पैदल डाक ध्वजा लेकर सालासर धाम के दर्शनों के लिए निकले थे। सोमवार की सुबह करीब चार बजे वह लोग धन्नासर व रावतसर के दरमियान चले जा रहे थे। श्रद्धालु आपस में एक-दूसरे के साथ ध्वज अदला-बदली कर रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार एक कार आई, जिसने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

नींद में था कार चालक: बताया जा रहा है कि कार चालक भी निद्रा में था, जिसने श्रद्धालुओं पर कार चढ़ा दी। हादसे में कपिल अरोड़ा (40) वासी तिलक नगर मुक्तसर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सरकारी अध्यापक अशोक कुमार (45) वासी भट्ठे वाली गली को घायल होने के चलते मलोट अस्पताल लाया गया, जिसने वहां पहुंचते दम तोड़ दिया। जबकि हादसे में तीन अन्य घायलों में बागवाली गली निवासी सुनील बठिंडा में दाखिल है। अन्य दो को मामूली चोटें आई हैं।

बता दें कि अशोक का पांच वर्ष का एक बेटा और अढ़ाई वर्ष की एक बेटी है। जबकि कपिल का पांच वर्ष का बच्चा है। सड़क हादसे में मुक्तसर के दो श्रद्धालुओं की मौत से शहर की समूह धार्मिक संस्थाओं व लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है।

मुर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 200 उपद्रवी गिरफ्तार, घर लौटे कई परिवार

कोलकाता, 14 अप्रैल। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ हिंसा जारी है। इसके बाद अब हालात को कंट्रोल करने की कोशिश की जा रही है। बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या 200 को पार कर गई है, राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस सिलसिले में सोमवार को यह जानकारी दी।

भांगर, मिनाखा, संदेशखली और ढाका से आईएसएफ कार्यकर्ता और स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन के लिए रामलीला मैदान जा रहे थे। रोके जाने पर प्रदर्शनकारियों ने पुलिस को घेर लिया। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

अशांत इलाकों में रूट मार्च: राज्य पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) जावेद शमीम ने इस बात की पुष्टि की है कि इस मामले में गिरफ्तारियां 200 से अधिक हो गई हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में अशांत इलाकों में स्थिति अब सामान्य है। उन्होंने आगे कहा, %अशांत इलाकों में लगातार रूट मार्च किए जा रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। दुकानें और प्रतिष्ठान खुलने लगे हैं।

कई जगहों पर इंटरनेट बंद: जावेद शमीम ने आगे कहा कि दूसरे राज्यों के कुछ निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा स्थिति के बारे में अफवाह फैलाने की कोशिश की जा रही है और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए फिलहाल कुछ इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विस्थापितों की उनके घरों तक वापसी सुनिश्चित करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब तक 19 परिवार अपने घर लौट आए हैं।

दक्षिण 24 परगना में हिंसा: इस बीच, सोमवार दोपहर पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के अल्पसंख्यक बहुल भांगर विधानसभा क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस और भांगर के ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसएफ) के समर्थकों के बीच झड़प हो गई, जब उन्हें कोलकाता में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ अपने विरोध प्रदर्शन स्थल पर जाने से रोक दिया गया।

विदेशी आक्रांताओं ने उठाया था हमारे आपसी मतभेद का फायदा: भागवत

कानपुर, 14 अप्रैल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने आज कहा कि जो खुद को हिंदू कहते हैं उनसे पूछा जाएगा कि उन्होंने समाज के लिए क्या किया आज उनकी जवाबदेही बनती है। वह कारवालों नगर स्थित संघ के केशव भवन का उद्घाटन करने आए थे। पांच दिन के प्रवास पर शहर आए संघ प्रमुख ने कहा कि जब विश्व भर के हिंदू सुरक्षित नहीं थे तब तक वह प्रतिष्ठित भी नहीं थे। हम आपसी मतभेद में उलझे हुए थे, जिसका फायदा विदेशी आक्रांताओं ने उठाया। भारत को लूटा और पीटा भी। भारत में हिंदू समाज के संगठन का कार्य संघ कर रहा है। इस मौके पर उन्होंने केशव भवन का उद्घाटन किया। साथ ही डॉ आंबेडकर सभागार का लोकार्पण और डॉ हेडगेवार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की।

हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ जनपद में मनाई गयी डॉ0 भीमराव आंबेडकर की जयंती

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबासाहब डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर के जयंती के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट सभागार समाज कल्याण कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गौंड़, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य चुर्क मोहन कुशवाहा, जिला विकास अधिकारी श्री हेमन्त कुमार सिंह, ई0 रमेश पटेल सहित सम्मानित जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ0 भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये, इस अवसर पर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री श्री संजीव कुमार गौंड़ ने कहा कि डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की 135 जंयती पर बाचा साहेब को राष्ट्र श्रद्धा सुमन अर्पित करते है,बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था वे भारतीय समाज सुधारक और संविधान निर्माता ये दलितो शोषितों समाज के अग्रणी थे, भारत सरकार के पहले कानून मंत्री थे, बाबा साहेब की शिक्षा मुब्बई से स्नातक व कोलम्बिया यूनिवर्सिटी से एम0ए और पी.एच.डी किये, बाबा साहेब ने आजादी के बाद हितकारिणी सभा की स्थापना की जिसके जरिए निःशुल्क स्कूल, लाइब्रेरी चलाई गयी,बाबा साहेब अम्बेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का मानना था कि शिक्षा हाशिए पर खड़े हर इंसान की बाराबरी की पहली सिढ़ी है, कलम के कांती करके मानवता वादी

भारत के सपना देखने वाले महानायक का नाम है बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर, बाबा साहेब का लक्ष्य था जब तक गरीबों को निःशुल्क शिक्षा नही मिलेगी तब तक विषेशा अधिकार नहीं रहेगी, डा0 अम्बेडकर के समावेशी सपनों को मोदी सरकार कर रही है साकार, केन्द्र एवं प्रदेश सरकार देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में समाज के अति पिछड़े वंचित लोगों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 44 हजार 700 करोड़ से अधिक छात्रवृति से लगभग 84 करोड़ एस0सी0 एस0टी0 छात्र व छात्रों को सहायता उपलब्ध करायी है, बाबा साहेब के विरासत को समान देने के लिए पांच पवित्र स्थलों पर पंचतीर्थ का विकास, जन्म भूमि महू (मध्य प्रदेश), शिक्षा भूमि (लन्दन), दीक्षा भूमि (नागपुर), महापरिनिर्वाण भूमि (दिल्ली), चौत्य भूमि (दिल्ली) पर पंचतीर्थ का विकास किया गया, पीएम मुद्रा योजना के तहत एससी/एसटी लाभार्थियों को 4.5 लाख करोड़ से अधिक ऋष्ण की सुविधा उपलब्ध करायी गयी और एससी/एसटी वर्ग पर अत्याचार रोकने के लिए हेल्पलाइन नम्बर 14566 जारी किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि 14 अप्रैल, 2025 को 'भीमराव आंबेडकर जयन्ती' 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' टैगलाइन के अंतर्गत 14 से 28 अप्रैल तक 15 दिवसीय कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाये जा रहे हैं, भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन को नई दिशा और नई गति देने एवं भारत के संविधान निर्माण में भारत रत्न बाबासाहब डा0 भीमराव रामजी आंबेडकर का अतुलनीय योगदान है, यह दिन भारत में समानता, सामाजिक न्याय और शिक्षा के लिए उनके योगदान को याद करने के लिए मनाया जाता है, डॉ0 अम्बेडकर ने हमेशा स्वच्छता और सामाजिक न्याय पर जोर दिया है, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में समाज के अति पिछड़े वंचित लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं, उसके लिए ग्राम पंचायत स्तर, ब्लाक स्तर पर लोगों को प्रदेश सरकार की योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि डॉ0 भीम राव अम्बेडकर के चरणों में शत-शत नमन करते हैं, संविधान के क्षेत्र में समानता और स्वाभिमान के माध्यम से समाज के हर व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं और उपेक्षित वर्ग के लोगों के लिए डॉ0 भीम राव अम्बेडकर ने विकास के मुख्य धारा में लाने का कार्य भी किये हैं। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे) रोहित यादव, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य चुर्क मोहन कुशवाहा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, ने भी डॉ0 भीम राव अम्बेडकर के जीवन परिचय और संविधान पर प्रकाश डालें, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किये, कार्यक्रम का संचालन अमरेश पाठक ने किये।

इस अवसर पर जनपद स्तरीय अधिकारीगण व सम्मानित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। बाबा साहेब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती आज जनपद के विकास खण्डों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनायी गयी।

शिक्षा ही समझ में जागरूकता लाने का मुख्य माध्यमः अजीत रावत

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। विधानसभा राबर्ट्सगंज बूथ संख्या 21 राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज पर मंडल अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव की नेतृत्व में भारत रत्न, संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के महान शिल्पी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनकी पावन चित्र पर क्षेत्रीय अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अनसूचित मोर्चा काशी क्षेत्र सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा मलयार्पणकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बाबा साहेब ने हमें केवल संविधान नहीं दिया, बल्कि समता, समरसता और अधिकारों पर आधारित एक न्यायपूर्ण व समावेशी भारत की राह दिखाई। उनका संदेश स्पष्ट हैकृजब तक अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को न्याय नहीं मिलता, तब तक हमारा विकास अधूरा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में बाबा साहेब के विचारों, स्थलों और स्मृतियों को सम्मान देने के लिए जो कार्य हुए हैं, वे प्रेरणास्रोत हैं। उनका यह संकल्प कि अंबेडकर की विरासत केवल एक वर्ग नहीं, पूरे राष्ट्र की धरोहर है, वास्तव में ऐतिहासिक है। दिल्ली सरकार बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए प्रत्येक वंचित, पीड़ित और ज़रूरतमंद को सम्मान, अवसर और अधिकार दिलाने हेतु प्रतिबद्ध है। यही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि हैं।

इस कार्यक्रम में नगर मंडल उपाध्यक्ष अनुपम तिवारी आलोक रावत धुकांत समर सिंह अजय रावत रवि कनौजिया मनोज पासवान संजय भारती अशोक रावत अभिषेक भारती राकेश रावत संख्या में कार्यकर्ता रहे।

'टीबी मुक्त भारत' के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल व जिला प्रशासन की साझेदारी से टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल सी एस आर द्वारा सांसद सीधी/सिंगरौली डॉ. राजेश मिश्रा के मार्गदर्शन में और उनके आग्रह पर तपेदिक (टीबी) उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विंध्याचल सीएसआर के तहत चयनित लाभार्थियों को पोषण किट वितरित किया गया। यह पहल स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना 'टीबी मुक्त भारत' के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2025 तक देश को टीबी से मुक्त करना है।

इस अवसर पर सांसद (सीधी/सिंगरौली) डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक (सिंगरौली) रामनिवास शाह, विधायक (देवसर) राजेन्द्र मेश्राम तथा जिला कलेक्टर (सिंगरौली) चंद्रशेखर शुक्ला समेत जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही एनटीपीसी विंध्याचल की ओर से कार्यक्रम में मुख्य

महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी एवं मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) राकेश अरोड़ा उपस्थित रहे। यह संयुक्त पहल दर्शाती है कि सार्वजनिक संस्थानों और कॉर्पोरेट संगठनों के बीच मजबूत साझेदारी सामाजिक परिवर्तन को कैसे गति दे सकती है। एनटीपीसी विंध्याचल, सिंगरौली क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का समाधान कर, समुदाय को स्वस्थ और सक्षम बनाने की दिशा में निरंतर योगदान दे रहा है।

स्वाभिमान- स्वमान की अनुभूति करके एकजुट होना बाबा साहब की देनः रामनिहोर

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी कार्यालय सोनभद्र पर सोमवार को समाज के वंचित वर्गों को मुख्य धारा से जोड़ने वाले भारतीय संविधान के शिल्पकार 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सादर नमन एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि आज के दिन जब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को हम लोग याद कर रहे हैं तो यह संकल्प लेते हैं कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए हम लोग काम करेंगे। यह वही लोग हैं जो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को नहीं मानते हैं जो संविधान लोकतंत्र को नहीं मानते यह दबाव प्रबुद्धवादी वह लोग हैं जिन्होंने सदियों से शोषण किया है। संविधान एवं आरक्षण के रचयिता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के सांसद छोटेलाल खरवार ने घोषणा किया है कि जनपद सोनभद्र के हर विकासखंड की एक ग्राम पंचायत में बाबा साहब की मूर्ति एवं सुंदरीकरण का कार्य जाएगा एवं जब 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी तो जनपद सोनभद्र के हर गांव में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित कराया जाएगी।

कार्यक्रम का संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह पटेल पूर्व विधायक परमेश्वर दयाल पूर्व विधायक रमेश चंद्र दुबे ने कहा कि आज हम लोग भारत के संविधान के रचयिता सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए अपने 'स्वाभिमान- स्वमान की अनुभूति को और सुदृढ़ करके एकजुट होकर बाबा साहब की देन व धरोहर संविधान और आरक्षण बचाने के लिए पीडीए के आंदोलन को नई ताकत प्रदान करें व दोहराएं की संविधान की संजीवनी है और संविधान ही ढाल है और ये भी कि जब तक संविधान सुरक्षित रहेगा। पीडीए की एकता ही संविधान और आरक्षण बचाएगी की एकता ही संविधान और आरक्षण बचाएगी पीडीए एकजुटता ही सुनहरा भविष्य बनाएगी इसलिए हम समाजवादियों को संकल्प लेना होगा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के आरक्षण को बचाने के लिए हम समाजवादी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता अपना जीवन न्योछावर कर देंगे। संगोष्ठी को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामभरोसे सिंह पटेल जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव विजय यादव अनिल प्रधान लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव मन्नू पांडे जिला उपाध्यक्ष सुरेश यादव अशोक पटेल त्रिपुरारी गौड़ डॉक्टर लोपति सिंह पटेल रमेश सिंह यादव जिला पंचायत सदस्य जयप्रकाश उर्फ चेखूर पांडे सुनील गौड़ परमेश्वर यादव नगर पालिका अध्यक्ष रावटसगंज सरदार पार ब्रह्म सिंह हिदायत उल्ला खान सनी पटेल कामरान खान रामेश्वर भाई पटेल रमेश कुमार बागी राजकुमार संघर्षी कृपा शंकर चौहान आफरोज खान सुजीत मोदनवाल गुड्डू निषाद दीपक केसरी पीयूष यादव जगत पटेल शशि प्रकाश मिश्रा विष्णु कुशवाहा हरिशंकर विश्वकर्मा लालव्रत यादव सुनील कुमार विमलेश सिंह पटेल अंकित मिश्रा इमरान अहमद सब खान दिनेश सरोज राम गुल्ली यादव सत्यम पांडे विवेक सिंह पटेल बालेश्वर यादव राधेश्याम राजेश कुमार गौड़ सियाराम यादव आचार्य पुरुषोत्तम बृजेश कुमार सिंह त्रिरत्न शुकलेश सुनील पवार अवधेश कुमार उपस्थित रहे।

कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर मनायी गई अम्बेडकर जयंती

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय पर हुई। इसमें भारत रत्न संविधान पिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष रामराज गोंड, शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के जरिए सभी को जीने का अधिकार दिया। वर्तमान में संविधान विरोधी कार्य सत्ता पर काबिज लोग कर रहे हैं। जनता को इसका मुखर विरोध करना होगा। पूर्व प्रदेश सचिव जितेंद्र पासवान व पूर्व शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने कहा कि हम अपने अधिकारों की रक्षा संविधान का पालन कर ही कर सकते हैं। इसलिए हमें संवैधानिक दायरे में रहकर इसका माखौल उड़ाने वालों के विरुद्ध बड़ा आंदोलन खड़ा करना होगा।

पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हाजी नूरुद्दीन खान ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए संगठन अभियान की सफलता पर ध्यान देने की जरूरत है। जगदीश मिश्र व रामेश्वर यादव ने कहा आज बाबा साहब के बताए रास्ते का अनुशरण करते हुए उसे आत्मसात करने की जरूरत हैं,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अमरेश देव व लल्लू पांडे ने कहा कि बाबा साहब संविधान वेत्ता ही नहीं वरन अर्थशास्त्री होने के साथ समाज सुधारक भी थे ये आरक्षण के समर्थन में थे परंतु वर्तमान स्वरूप में नहीं, जयशंकर भारद्वाज व सुधीर शरण राय ने कहा बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत हैं उनके बताए रास्ते को जन जन तक पहुंचने की आवश्यकता है इस अवसर पर पूर्व महासचिव बाबूलाल पनिका, प्रांजल श्रीवास्तव इंद्रदेव चेरो शंकर भारती साजिद अली यदि लोग उपस्थित रहे। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय पर हुई। इसमें भारत रत्न संविधान पिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई।

डॉ. अम्बेडकर व भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गोष्ठी आयोजन

तरूणमित्र न्यूज

सोनभद्र। सोमवार भारत के संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष , महान चिंतक बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी सोनभद्र के नेतागण जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यकारिणी के सदस्य कामरेड आर के शर्मा, जिला सह मंत्री कामरेड देव कुमार विश्वकर्मा, वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता कामरेड बसावन गुप्ता, कामरेड अमरनाथ सूर्य आदि ने नगवां ब्लाक के डोरिया ग्राम में स्थापित डॉ भीमराव अम्बेडकर व शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद डोरिया ग्राम के पूर्व प्रधान कामरेड चन्दन प्रसाद पासवान के मकान के सभागार में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि केवल राजनीतिक समानता संविधान ने दिया है लेकिन जब तक आर्थिक समानता नहीं होगी राजनीतिक समानता नहीं बनी रह सकेगी, उन्होंने यह भी कहा था कि कितना भी अच्छा संविधान हो किंतु यदि बुरे लोगों के हाथ में हो तो अच्छा संविधान भी बुरा हो जाता है।

उन्होंने समय रहते देश को आने वाली चुनौतियां से अवगत करा दिया था। आज असमानता की वृद्धि हो रही है गरीब और गरीब हो रहा है और पूंजी केंद्रीय कृत हो रही है सार्वजनिक प्रतिष्ठान बेचे जा रहे हैं संवैधानिक संस्थाओं को भारी खतरा उत्पन्न है और भारतीय संविधान पर भी घोर संकट है आजादी के बाद भारत ने जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपनाया और जो संविधान स्वीकार किया गया उसमें दिए गए अधिकार से वर्तमान पूंजीवादी सांप्रदायिक फासिस्टवादी सरकार देश के गरीबों मजदूरों वंचितों को उनके अधिकारों से वंचित करना चाहती है यह जरूरी है कि देश के आम लोग कमजोर गरीब किसान मजदूर धर्म जात से ऊपर उठकर संवैधानिक संस्थाओं भारतीय संविधान सार्वजनिक संस्थाओं की रक्षा के लिए लामबंद हो और डॉ भीमराव अम्बेडकर और शहीद ए आजम भगत सिंह के सपनों को आगे बढ़ाने का काम सभी तबकों को मिलकर उनके विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ाया जाए।

इस अवसर पर गुलाब प्रसाद निडर, राम जनम कुशवाहा, मैनेजर, गुलाब धांगर,कमला प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, राम दुलारे, राम लाल, मुख्तार, दया चेरो, राम दिहल पटेल, इंद्रजीत, कमल प्रसाद आदि सहित दर्जनों की संख्या भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आम के पेड़ से फांसी के फंदे पर झूलते मिले मौसेरे भाई-बहन, मचा हड़कंप

तरूणमित्र न्यूज

मीरजापुर। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मौसेरे भाई बहन की पेड़ की डाल से फांसी के फंदे पर लटकी लाश मिली है। जिसे देख गांव में हड़कंप मच गया है।

दोनों की एक साथ संदिग्धावस्था में फांसी के फंदे पर झूलती लाश देख परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के निनवार उत्तर गांव निवासी शर्मा दुबे का नवयुवक पुत्र व उनके रिश्तेदार की लड़की ने सोमवार को भोर में गांव से थोड़ी दूर तालाब पर स्थित आम के पेड़ में फांसी लगाकर झूल गए। सुबह ग्रामीणों ने देखा तो परिजन को सूचित किया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने दोनों शवों को उतरवाकर आगे की कार्रवाई में जुट गए।

जानकारी के अनुसार निनवार उत्तर गांव निवासी शर्मा दुबे का नवयुवक पुत्र गोपाल दुबे 22 वर्ष व उनके साढू की लड़की गायत्री उर्फ गुड़िया 30 वर्ष गांव से थोड़ी दूर तालाब पर आम के पेड़ में बीती रात भोर में एक ही रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर झूल गए और दोनों की मौत हो गई।

सुबह ग्रामीणों ने देखा की आम के पेड़ में रस्सी के सहारे दो लोग झूले हुए हैं जिसकी सूचना परिजनों को दी गई परिजन ने मौके पर पहुंचकर देखा तो वे दोनों एक ही रस्सी के सहारे फांसी का फंदे लगाकर आम के पेड़ में झूले हुए हैं। परिजनो ने तत्काल पुलिस को सूचना दिया मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष संजय कु मार सिंह ने दोनों शवों को नीचे उतरवाकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मृतक गोपाल दुबे के मौसी की लड़की मध्य प्रदेश सतना हनुमान नगर नई बस्ती निवासी गायत्री उर्फ़ गुड़िया दो-तीन दिन पहले गांव में आई हुई थी और वह भी शादीशुदा थी उसके दो बच्चे थे एक बच्चे की उम्र 12 वर्ष और दूसरे बच्चे की उम्र 10 वर्ष है। घटना से परिवार काफी सदमे में है?। परिजनो का रो-रो कर बुराहाल हो गया है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना सही है लड़की के ससुराल पक्ष व मायके पक्ष दोनों जगह सूचित कर दिया गया है।

कोर्ट नोटिस

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सोनभद्र
एम.ए.सी नम्बर-212 सन् 2018
देवनाथ बनाम उमाशंकर पासवान वगै0
सुरेन्द्र पाल पुत्र कामेश्वर पाल, निवासी मुडीसेमर, पोस्ट विण्डमगंज, जिला सोनभद्र। (वाहन चालक जीप नम्बर यू.पी. 40 बी 8003)।......प्रतिवादीगण।
(मोटर दुर्घटना दावा अन्तर्गत धारा-166 M.V.Act 1988)।

हरगाह,

आपके नाम नाशिल की दायरा की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 19 माह 04 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकहि वाकिफ किया गया हो और उमूरात अरूण मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ और कोई सख्श हो जो की जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होगा और जबाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर हाजिर नहीं होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूम होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 09 माह 04 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिस

कोर्ट नोटिस

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सोनभद्र
एम.ए.सी नम्बर-214 सन् 2017
इन्दू बनाम पप्पू
पप्पू पुत्र रामनरेश, निवासी ग्राम व पोस्ट रायपुर, जिला सोनभद्र। (वाहन स्वामी पिकअप नम्बर यू.पी. 64 टी 3879)।......प्रतिवादीगण।
(मोटर दुर्घटना दावा अन्तर्गत धारा-166 M.V.Act 1988)।

हरगाह,

आपके नाम नाशिल की दायरा की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 21 माह 04 सन् 2025 बवक्त 10 बजे के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकहि वाकिफ किया गया हो और उमूरात अरूण मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके या जिसके साथ और कोई सख्श हो जो की जबाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होगा और जबाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जबाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर हाजिर नहीं होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूम होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 09 माह 04 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिस

कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़वा उत्तरी, विकास खण्ड चकिया, चंदौली

पत्रांकः मेमो/निविदा/2024-25 — दिनांक- 14.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.04.25 से दिनांक 20.04.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 22.04.25 को समय दिन में 11 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईंट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट /सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम से संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्ते-

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

संदीप
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी गढ़वा उत्तरी
विकास खण्ड चकिया, चंदौली

प्रदीप कुमार
प्रधान- ग्राम पंचायत गढ़वा उत्तरी
विकास खण्ड चकिया, चंदौली

राजकीय सम्मान के साथ मनायी गयी डा. भीमराव ऑम्बेडकर की जयंती

जौनपुर। जनपद में भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती राजकीय सम्मान के साथ धूमधाम से मनायी गयी। राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र सहित अन्य के द्वारा अम्बेडकर तिराहे पर स्थित अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर आम्बेडकर तिराहे पर आयोजित गोष्ठी में बाबा साहब के जीवन दर्शन, उनके नैतिक मूल्यों, आदर्शों, भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम तथा संविधान में उनके अतुलनीय योगदानों को याद करते हुए उन्हे नमन किया गया। राज्यमंत्री ने भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहब की जयंती के अवसर पर नमन करते हुए कहा कि निश्चित रूप से बाबा साहब के द्वारा संविधान निर्माण में दिये योगदान ने पूरे देश को एक सूत्र में बांधा है।

सदस्य विधान परिषद ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक समरसता के लिए, शिक्षा के लिए, अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में, जो कार्य किया है वह निश्चित ही अनुकरणीय है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब की जयंती के अवसर पर जनपद में 15 दिन तक विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे जो कि आज से प्रारम्भ हो रहा है। बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर से अम्बेडकर तिराहे तक जनप्रतिनिधियों, अधिकारीगणों की उपस्थिति में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। रैली में भारत माता के जयकारे, हमारा संविधान अमर रहे आदि के नारे लगाये गये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू एवं राजस्व अजय अम्बष्ट, जिला विकास अधिकारी मीनाक्षी देवी, बेसिक शिक्षाधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, सहित अन्य उपस्थित रहे।

इसी तरह शासन के निर्देश के क्रम में भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती को 14 से 28 अप्रैल तक हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के टैगलाइन के अन्तर्गत उत्सव के रूप में मनाया जा रहा हैं। इसी क्रम में सोमवार को बाबा साहब के जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी ने भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर, पुष्प अर्पित कर तथा द्वीप प्रज्वलित कर नमन किया। मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्रनन्दन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर संतबीर सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी बाबा साहब के चित्र पर पुष्प आर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब ने मानव कल्याण, सामाजिक समरसता,

जुलूस में शामिल राज्यमंत्री एवं जिलाधिकारी समेत अन्य।

महिला उत्थान को संविधान में विशेष स्थान दिलाया। अध्यक्ष कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ विजय प्रताप सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार सहित अन्य अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार विकास भवन, समस्त ग्राम पंचायतों, नगरनिकाय और विकासखण्डों में भी बाबा साहब के प्रतिमा/ चित्र पर माल्यार्पण कर उनको स्मरण किया गया। भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के उपलक्ष्य में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में जिला प्रशासन के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, अपर जिलाधिकारी भू राजस्व अजय अंबस्ट सहित अन्य अधिकारीगणों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर तथा भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर जी की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

भारतीय संविधान का शिल्पकार थे डा. आंबेडकर : कुलपति

जौनपुर। जिले के दीवानी तिराहे पर स्थित संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर सरदार सेना के जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार पटेल के नेतृत्व में जयंती मनायी गई। तिराहे पर स्थित भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के प्रमुख निर्माता और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे। इस अवसर पर राजकुमार सिंह पटेल, तुफैल अहमद, अमर बहादुर चौहान, जितेंद्र मौर्य, अमन गौतम, रवि पटेल, जय मंगल मौर्य, अभिनंदन सिंह चौहान, बृजेन्द्र पटेल, विक्की पटेल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

इसी तरह भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकरजी की 134 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। उतरगांवा में स्थित अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा के प्रदेश सचिव विवेक रंजन ने कहा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने समता और समानता का संदेश देते हुए समाज से पाखंडवाद को खत्म करने हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। संगोष्ठी में जितेंद्र कुमार भारती, बीरबल यादव, शिवकुमार यादव, अजय कुमार, प्रदीप कुमार, तिलकधारी आदि बड़ी संख्या लोग उपस्थित थे। **शाहगंज प्रतिनिधि के अनुसार** बीबीगंज चौकी अन्तर्गत गोड़िला गांव में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष सन्तोष भारती, उपाध्यक्ष अंशुल भारती, कोषाध्यक्ष रामनरेश भारती, सचिव धर्मेन्द्र भारती, उपसचिव हरेंद्र भारती, पंकज कुमार, संदीप कुमार, अवधेश कुमार, शोभनाथ आदि लोग मौजूद रहें।

उधर पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का शिल्पकार बताते हुए उन्हें देश का महानायक कहा। जिले के धर्मापुर विकास खंड के ससौड़ा गांव में सोमवार को बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का पुन: स्थापना किया गया। जिसका अनावरण जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय ने किया। इस अवसर पर नीरज यादव, सुजीत जायसवाल, सुरेंद्र यादव, बड़ेलाल यादव, नगेंद्र राजभर, राजेंद्र प्रसाद, सुभाष, पंचम, राजेश, आनंद कुमार आदिउपस्थित रहे।

सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने बाबा साहब को किया नमन

जौनपुर। सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने मरदानपुर स्थित अपने कार्यालय पर महान समाज सुधारक, संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती को समारोह पूर्वक मनाया, जिसमें संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, प्रशिक्षिका अंजलि प्रजापति एवं समस्त सखी वेलफेयर टीम के सदस्यों एवं मेहंदी प्रशिक्षण कार्यशाला की प्रशिक्षुओं ने भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन सखी दिव्या साहू तथा उपस्थित सभी के प्रति आभार सखी शकुंतला मौर्या ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सखी साधना साहू, अंजलि प्रजापति, बिपाशा, शिवानी, भावना, साधना, नेहा, रूचि, सृष्टि, अंजलि, खुशी, पलक, अर्पिता, अंशिका सहित तमाम लोगों उपस्थित रहे।

पेंशनर्स एसोसिएशन का अधिवेशन आज

जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के जनपद अध्यक्ष सीबी सिंह जिलामन्त्री राजबली यादव ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ती से अवगत कराया है कि केंद्र सरकार द्वारा बजट मे वित्त बिधेयक पास करके वर्ष 1972 से कार्यरत कर्मचारी एवं पेंशनर्स को एक साथ मिल रहे बेतनआयोग की संस्तुतियों की समानता को समाप्त किए जाने से पेंशनर्स आक्रोशित है। सरकार के इस निर्णय के विरोध मे पेंशनर्स संघर्ष की तैयारी में 15 अप्रैल को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित प्रेक्षागृह में पूर्वान्ह दस बजे से अधिवेशन करके संघर्ष की रूप रेखा तय करेंगे। अधिवेशन को जिलाधिकारी एवं बरिष्ठ कोषाधिकारी भी सम्बोधित करेंगे।

दो दिवसीय वैसाखी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए डीएम

जौनपुर। दो दिवसीय वैसाखी कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बैसाखी पर्व किसानों द्वारा गेहूं की फसल तैयार होने की खुशी में मनाई जाती है। आज ही के दिन गुरु गोविंद सिंह जी ने पांच प्यारों को चुना था तथा आज सिखों के पंथ की स्थापना दिवस भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक गुरुद्वारा है तथा गुरु तेग बहादुर का तपोस्थल भी है। उन्होंने हस्तलिखित गुरु ग्रंथ साहिब का दर्शन भी किया तथा गुरु तेग बहादुर जी के नवनिर्मित तपस्थली का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर लुधियाना से कीर्तन करने आए सुरेंद्र सिंह और उनके सहयोगी ने गुरुवाणी से प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह, गुरवीर सिंह, सतनाम सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

माध्यमिक शिक्षक संघ की हुई आवश्यक बैठक

जौनपुर। उत्तर-प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की हुई आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में राजा श्री कृष्णदत्त इण्टर कालेज, के सभागार में सम्पन्न हुयी। जिसमें सन् 2000 के पूर्व नियुक्त तदर्थ सेवाओं को बहाल कराकर वेतन आहरित करने सम्बन्धित प्रकरण जेडी कार्यालय वाराणसी में लम्बित प्रकरणों को शिक्षकों के हित में निस्तारित कराने के लिए रणनीति पर प्रमुख रुप से चर्चा की गयी। बैठक में रमाशंकर पाठक, विनय ओझा, राजीव सिंह, अनिल यादव, ओम प्रकाश सिंह, रविन्द्र मिश्र, संजय सिंह, राजेश पाण्डेय, अजय सिंह, बिरेन्द्र यादव, डा. प्रीति उपाध्याय सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

अग्निशमन शहीद सेवा दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

जौनपुर। अग्निशमन अधिकारी द्वारा फायर स्टेशन चौकिया में समस्त कर्मचारीगण के साथ अग्निशमन शहीद सेवा दिवस के अवसर पर सभी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

युवक को पीटा, केस दर्ज

जौनपुर। लाइनबाजार क्षेत्र से आवश्यक कार्य निबटाकर घर परियावां लौट रहे युवक को कुछ युवकों ने स्टेट बैंक के पास पीट दिया। सूचना पर पुलिस ने युवक का मेडिकल कराते हुए केस दर्ज कर लिया है। रविवार को तहरपुर परियावां गांव निवासी मनी गौतम सलखापुर गांव के अपने मित्र धीरज निषाद के साथ घर लौट रहा था। थाने में दी हुई तहरीर में आरोप लगाया है कि जैसे ही वह लाईनबाजार थाना क्षेत्र के परियावां स्टेट बैंक के पास पहुंचा ही था कि राजेपुर निवासी अजय सोनकर अपने दो अन्य दोस्तों के साथ गाली देते हुए उसे मारना पीटना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दिया। सूचना पर पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराते हुये केस दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

महिला ने फांसी लगाकर दी जान

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रकेशवा तकिया में विवाहित महिला ने अपने मायके में ही फांसी लगाकर जान दे दी है। मामला रविवार रात्रि लगभग 8 बजे का है। गांव के उमेश कुमार शर्मा की 35 वर्षीया पुत्री विनिता उर्फ विटोला ने घर के एक कमरे में दुपट्टे के सहारे कमरे में लगी हुई कड़ी मे दुपट्टा बांधकर फांसी लगा लिया। कुछ देर बाद जैसे ही लोगों को पता चला वहां अच्छी खासी भीड़ एकत्रित हो गई। उसकी शादी लगभग 10 वर्ष पूर्व हुई थी और उसका सात वर्ष का पुत्र है। पुलिस के अनुसार वह काफी दिनों से मानसिक तनाव में थी जिसका उपचार चल रहा था। उसके माता-पिता रोटी रोटी के सिलसिले में गुजरात में रहा करते हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस

जौनपुर। भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर आम आदमी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर धूमधाम से जयंती मनाई गई। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं ने जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्री कचहरी होते हुए दीवानी कचहरी तिराहा स्थित अंबेडकर पार्क पहुंची। जहां कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में प्रदीप मिश्र, शत्रुघ्न सिंह सोनू, हिन्छ नारायण तिवारी, सोम कुमार वर्मा, बबलू गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। **इसी क्रम में** राजेश कुमार महाविद्यालय कोहरे सुल्तानपुर में सोमवार को भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाया गया। आज के कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रबंधक प्रो., विनय कुमार सिंह द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत औपचारिक रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रबंधक ने भारतीय संविधान सभा के निर्मित में डा. भीमराव के कार्यों एवं उनके योगदान पर चर्चा किया। प्राचार्य डा. राघवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति न होकर के एक विचारधारा है।

ईद मिलन समारोह में गूंजा भाईचारे का पैगाम

जौनपुर। सद्भावना क्लब द्वारा सब्ज़ी मंडी भगत सिंह पार्क के पास हाल में रविवार को भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आपसी भाईचारे, प्रेम और सांस्कृतिक एकता को प्रोत्साहित करना था। समारोह की अध्यक्षता मोहम्मद रज़ा खान ने की। पूर्व अध्यक्ष सद एमपी बरनवाल समाज की उन्नति और आपसी भाई चारा के लिए इस तरह के आयोजन होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान अध्यक्ष हफ़ीज़ शाह ने किया।

महेन्द्र नाथ सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर खुशी की लहर

जौनपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार महेन्द्र नाथ सिंह के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर केराकत तहसील क्षेत्र के पत्रकारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। नए प्रदेश अध्यक्ष के निर्वाचन पर सोमवार को केराकत तहसील क्षेत्र के पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय शुक्ल की अध्यक्षता में केराकत नगर में बैठक हुई। एसोसिएशन के पदाधिकारियों दीपनारायण सिंह, सतीश पाठक रिंकू, जयप्रकाश पाण्डेय, पप्पू सरोज, राजेश यादव ज्ञानप्रकाश पाण्डेय, ब्रह्मानंद शुक्ला आदि ने आशा व्यक्त की है।

जनपद की मिट्टी और पानी में ही इंटेलिजेंस है : पुलिस अधीक्षक

जौनपुर। तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य थीम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष, मत्स्य वैज्ञानिक प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ थे। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मां सरस्वती तथा बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में बोलते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो भी प्रभावशाली व्यक्ति मुझसे मिलने आता है वह यही कहता है कि मैं टीडी कॉलेज से पढ़ा लिखा हूं। तो मैंने टीडी कॉलेज के विद्यार्थियों से मिलने के लिए कॉलेज प्रशासन से स्वयं निवेदन किया। इसके

पुलिस अधीक्षक को सम्मानित करते प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह।

लिए कॉलेज प्रशासन का धन्यवाद। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आप तिलकधारी महाविद्यालय तथा देश के भविष्य हैं आप अपनी ऊर्जा को संयमित और केंद्रित रखते हुए अपने प्रतिष्ठान, अपने गुरुजनों तथा माता-पिता का सम्मान कीजिए तथा अपने सपनों को उड़ान देने के कठिन परिश्रम कीजिए। उन्होंने कविता के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह ने कहा कि डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। ब्रिटिश काल में ही उन्होंने मूल कर्तव्यों एवं मूल अधिकारों के बारे में सोचा। सन 1938 में उनके पास 8000 पुस्तकों का संग्रह था। कार्यक्रम में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रामआसरे सिंह सर ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर समाजसेवी, अर्थ शास्त्री, विधिवेत्ता तथा दलितों के मसीहा थे। कार्यक्रम का संचालन डा. राहुल कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में तिलकधारी महाविद्यालय प्रबंधन समिति के यशस्वी प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह, उप प्रबंधक विंद प्रताप सिंह, प्रोफेसर रजनीश सिंह, डा. विजय कुमार सिंह, प्रोफेसर सुदेश सिंह, डा. शैलेंद्र कुमार सिंह, एनसीसी तथा एनएसएस के सभी कार्यक्रम अधिकारी गण, महाविद्यालय के कर्मचारी, रितेश सिंह, पंकज कुमार सिंह, विजय कुमार मौर्य, चन्द्र प्रकाश गिरी तथा मीडिया के बंधु उपस्थित थे।

किशोर स्वास्थ्य पर विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन

जौनपुर। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी), द्वारा उत्तर प्रदेश एडोलेसेंट हेल्थ एकेडमी के सहयोग से किशोर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसजीपीजीआई, लखनऊ से डा. प्याली भट्टाचार्य ने किशोरावस्था में देखभाल से संबंधित अहम जानकारी साझा की, जबकि डा. शैली निगम ने एचपीवी (एचपीवी) टीकाकरण के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. शुभा सिंह द्वारा की गई।

डा. शैली निगम को सम्मानित करती महिला चिकित्सक।

इस अवसर पर डा. विनोद सिंह, डा. निरंजन सिंह डा. तेज सिंह, डा. विनोद कनौजिया, डा. अंजू कन्नौजिया, डा. फैज़ अहमद, डा. मुकेश शुक्ला, डा. शिखा शुक्ला डा. धर्मेंद्र यादव, डा. अरविंद सिंह डा. अजीत कपूर, डा. लालजी प्रसाद, डा. जयेश सिंह, डा. राजेश, डा. फारूक, डा. विपिन राय सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन डा. गुंजन पटेल एवं डा. विपुल सिंह द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आईएपी की अध्यक्ष डा. सरोज सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने डा. एचडी सिंह को किया सम्मानित

जौनपुर। उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के द्वारा क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा (कॉमेट) की राष्ट्रीय कांफ्रेंस में देशी विदेशी चिकित्सकों एवं पदाधिकारियों के बीच 13 अप्रैल रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ के सभागार में डा. हरेंद्र देव सिंह प्रिंसिपल डायरेक्टर ऑफ कृष्णा हार्ट केयर कैथलैब जौनपुर को (मेडिकस इलीट ऑनर राल) नामक सम्मान उनके अनवरत किए गए सामाजिक जागरूकता क्रिटिकल केयर एवं नूतन चिकित्सकीय तकनीकों एवं संसाधनों को गरीब मरीजों तक पहुंचाने के लिए एवं हालियां द्वारा किए गए उनके ऐतिहासिक कार्य 20000 पार

उप मुख्यमंत्री के साथ डा. एचडी सिंह।

लिए और वर्ल्ड रिकॉर्ड और गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड को ध्वस्त करने के लिए दिया गया है।

एक दिन में तकरीबन 25000 लोगों सुगर की जांच एवं उनकी विभिन्न जानकारी गूगल शीट पर डाली गई। किसी एक संस्था द्वारा किया गया यह विश्व रिकॉर्ड है। इसके पहले डा. हरेंद्र देवसिंह को इस कार्य के लिए देश की कई संस्था आरएसएस डीआई, इनर सर्किल, यूपीसीआई, और डॉक्टर्स के एसोसिएशन ने सम्मानित पिछले कई दिनों में किया है। झांसी, आगरा, गोवा, वाराणसी व हरिद्वार में सम्मानित किया जा चुका है।

दुख निवारण के लिए ही होता है परमात्मा का अवतरण : विद्यार्थी

जौनपुर। महात्मा दुख निवारण करने के लिए ही परमात्मा का अवतरण होता है। उक्त उद्गार मानस वेत्ता पं0 प्रकाशचन्द्र विद्यार्थी ने तिलकधारी महाविद्यालय के पूर्व प्रबंधक स्व0 अशोक कुमार सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर ग्राम महरूपुर स्थित मन्दिर पर आयोजित त्रिदिवसीय मानस-प्रवचन को शुभारम्भ करते हुए व्यक्त किया। सीता स्वयंवर प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि राजा जनक की सभा में जब समस्त राजागण शिव-धनुष तोड़ने की बात तो दूर रही। उसे टस से मस तक नहीं कर सके तो राजा को ह्दम व्यथित हो गया। वे सोचने लगे यदि वे अपना प्रण भंग करते हैं तो संसार में उन्हें अपयश का भागी होना पड़ेगा, यदि वे प्रण पर अडिग रहे तो उनकी पुत्री बिन ब्याही रह जायेगी। मिथिलाधिपति जनक क्रोधित होकर ऊंचे स्वर में सभा में उपस्थित राजाओं को फटकार लगाते हुए कहने लगे कि यदि उन्हें पहले ही ज्ञात होता कि यह पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है तो वे इस तरह की प्रतिज्ञा नहीं करते। जनक के मुंह से ऐसी बातें सुनकर लक्ष्मण की भौंहे तन गयी। उन्होंने कहा कि रघुवंश शिरोमणि प्रभु राम के रहते हुए जनक को पृथ्वी को वीरों से खाली होने की अनुचित बात नहीं कहनी चाहिए। मुनि विश्वामित्र लक्ष्मण को शान्त कराने का प्रयास करते हैं तो लक्ष्मण कहते हैं कि यदि वे उन्हें आज्ञा दें तो यह लक्ष्मण


पं0 प्रकाशचंद्र विद्यार्थी।

गेंद की तरह पूरे ब्रह्मांड को उठा लेगा। बाद में मुनिवर उन्हें बैठ जाने की आज्ञा और राम को धनुष तोड़ने की आज्ञा दी। राम ने कुछ संकोच किया तो विश्वामित्र ने कहा कि राम! आप परमात्मा के अवतार हैं और जनक जी महात्मा हैं। इसलिए विवाह की इच्छा न रखते हुए भी जनक के दु:खों का निवारण करने के लिए धनुष तोड़ना ही होगा। कथा-वाचक ने पूर्व में पुष्प वाटिका प्रसंग का चित्रण करते हुए श्रृंगार रस की अनुपम छटा बिखोरी।

उक्त अवसर पर डा. आरएन त्रिपाठी, डा. समरबहादुर सिंह, पूर्व प्रमुख सुरेन्द्र प्रताप सिंह, डा. सूर्यप्रकाश सिंह मुन्ना, डा. अशोक रघुवंशी, प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीप्रकाश सिंह, प्रबंधक सत्यप्रकाश सिंह माला व पूर्व सांसद के0 पी0 सिंह, राजबहादुर सिंह आदि उपास्थित रहे। आभार ज्ञापन तिलक धारी महाविद्यालय के प्रबंधक राघवेंद्र सिंह ने किया।

संत निरंकारी मिशन ने मानव एकता दिवस का किया आयोजन

जौनपुर। आध्यात्मिकता ही मानव एकता को मजबूती दे सकती है तथा मानव को मानव के निकट लाकर आपसी प्रेम और सौहार्द का वातावरण बना सकी है। इसी मन्तव्य से सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के आशीर्वाद से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'मानव एकता दिवस' का आयोजन 24 अप्रैल को जहाँ एक ओर ग्राउंड नं0 8, निरंकारी चौक, बुराड़ी में किया जायेगा वहीं भारतवर्ष के प्रत्येक ब्रांचों में भी श्रद्धालु भक्त सम्मिलित होकर बाबा गुरबचन सिंह एवं मिशन के अनन्य भक्त चाचा प्रताप सिंह को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगें और उनके महान जीवन से प्रेरणा लेगें। इसी क्रम में 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के दिन मड़ियाहूं पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ है। जिसका समय प्रात: 9:00 बजे से 1:00 बजे तक है।



तरुणमित्र

मंगलवार, 15 अप्रैल 2025

संवत- 2082, वैशाख कृष्ण पक्ष- 2

वैकल्पिक इंतजाम जरूरी

यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस यानी यूपीआई के एक बार फिर डाउन होने से बड़ी संख्या में यूजर्स को परेशानी झेलनी पड़ी। दो हफ्ते में तीसरी बार इस तरह की दिक्कत पेश आना बताता है कि एक अकेली बॉडी नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के भरोसे रहने के बजाय वैकल्पिक इंतजाम भी किए जाने चाहिए। वैसे, यह भी सच है कि भारत का ऐप्स बेस्ड पेमेंट सिस्टम बाकी दुनिया से कहीं आगे है। यूपीआई के डाउन होने पर NPCI की ओर से बताया गया कि तकनीकी समस्या की वजह से ऐसा हुआ। दिन में कई घंटे के लिए ट्रांजेक्शन रुक गए। ऐसा ही कुछ मार्च के आखिरी हफ्ते में भी हुआ था और तब भी यही कारण बताया गया था।

रिपोर्ट्स बताती हैं कि अप्रैल में यूपीआई ट्रांजेक्शंस बहुत बढ़ गए हैं और इसके पीछे है IPL। इस समय बेटिंग और गेमिंग ऐप्स के चलते ऑनलाइन लेनदेन खूब हो रहा है। इस महीने हर दिन औसतन 60 करोड़ ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। केवल मार्च में ही 18 अरब यूपीआई ट्रांजेक्शन हुए, जबकि इसके पहले के तीन महीनों में यह आंकड़ा केवल 16 अरब था। जाहिर है कि इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने के साथ ही ट्रांजेक्शन भी बढ़ा। जब दो बार पहले टेक्निकल एरर का सामना किया जा चुका था, तो तीसरी बार के लिए तैयारी क्यों नहीं हुई? पूरी दुनिया में जितने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होते हैं, उसके करीब 49% केवल भारत में अंजाम दिए जाते हैं। 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, यूपीआई के जरिये 117.6 अरब लेनदेन किए गए।

हर दिन के साथ यह आंकड़ा बढ़ रहा है। इसकी वजह है सहूलियत और देश के दूरदराज के इलाकों तक इंटरनेट की पहुंच। यूपीआई ने आर्थिक समानता लाने में मदद की है, बैंकों पर से बोझ कम किया है और लेनदेन के चंद सेकंड्स का काम बना दिया है। सबसे बड़ी बात कि इससे लेनदेन पर आम जनता को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता। कुछ तकनीकी खामियों के बावजूद यूपीआई जैसा कोई और सिस्टम दुनिया में मौजूद नहीं, जो इतनी बड़ी आबादी के बीच काम कर सके। यही वजह है कि फ्रांस, सिंगापुर, यूएई, मॉरिशस समेत सात देश इसका इस्तेमाल करने लगे हैं और भविष्य में कई और मुल्क भी इससे जुड़ेंगे। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने NPCI पर से बोझ कम करने के लिए एक अम्ब्रेला बॉडी बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन इस पर बात आगे नहीं बढ़ सकी। हालांकि अब समय की जरूरत को देखते हुए लगता है कि यूपीआई को स्मूद और एरर फ्री बनाने के लिए कुछ जरूरी सुधार किए जाने चाहिए।

प्रकृति का श्रृंगार परिवर्तन और सत्य मानवीय जीवन की ऊर्जा

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि सत्य में वह शक्ति है जो मानव को असीमित ऊर्जा और अतुल्य बल प्रदान कर सकती है यदि तुम अखंड सत्य का पालन करो तो कोई भी तुम्हें रोकने में समर्थ नहीं है, यह तो सत्य है कि सत्य की शक्ति अत्यंत व्यापक एवंसर्वकालीन है। यह तो सत्य है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का सांच को आंच नहीं जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित सत्यमेव जयते आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है। यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे। आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म, अध्यात्म, अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण, ज्ञान विज्ञान, जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब, धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊर्जावान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फरोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चैनल न्यूज़ प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है। कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे के अनुसार उसके सूचकांक में भारत का निम्न स्थान धन के बल पर सत्ता प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने बढ़ती घूसखोरी, सरकारी गैर सरकारी, कारपोरेट जगत के बढ़ते नैतिक पतन को उजागर करता है। विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका सभी स्तरों पर सत्य के मूल्य के दमन की घटनाओं से आज अखबार अटा पड़ा है। आज की स्थिति में निचले स्तर से उच्च स्तर की अदालतों तक न्याय पाने के लिए महंगे वकील करने के लिए धन की अत्यंत आवश्यकता होती है, न्याय भी अब धन पर आधारित हो गया है। न्याय पाना अब गरीबों का हक नहीं रह गया है, यह केवल अमीर लोगों की मुट्ठी में बंद होकर रह गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिखने वाली बराबरी अनेक बार सत्य को दबाकर दादागिरी के बल पर अमीर देशों की जिद की भेंट चढ़ जाती है। अमीर देशों की धन के दम पर दादागिरी कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों में दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन पर होने वाले वैश्विक सम्मेलन इसीलिए भी असफल होते दिखाई दिए हैं। क्योंकि अमीर देश कार्बन उत्सर्जन की मात्रा की जिम्मेदारी ज्यादा जनसंख्या वाले विकासशील देशों के सिर पर डाल देते हैं। सत्य की मनमानी व्याख्या आधुनिक युग की सच्चाई है, सत्य का दमन इस स्तर पर पहुंच चुका है कि व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्तर पर दिन में कितनी बार धनबल के दबाव में अपने अंत: करण से समझौता कर अपनी सहज प्रवृत्ति का दमन करने से नहीं चूकता है।

संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415

कश्मीर बनते पश्चिम बंगाल में कब लगेगा राष्ट्रपति शासन

हो जो भी पश्चिम बंगाल के हालात तो यही बता रहे हैं कि 'मिनी कश्मीर' बनने की हालत में खड़ा है पश्चिम बंगाल। देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जहां हर महीने कभी पर्वो के नाम पर तो कभी तुष्टिकरण के सियासी नारों के चलते हिंसा होती रहती है। हाल यह है कि पश्चिम बंगाल, राजनीतिक हिंसा के अपने रक्त चरित्र की वजह से पूरे देश में खराब छवि बना चुका है। कोई भी स्वतंत्र नहीं घूम सकता। मतलब साफ है पश्चिम बंगाल भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक हिंसा का अड्डा बन गया है। बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत धूमिल हो रही है। ऐसे में बड़ा सवाल तो यही है कश्मीर बनते पश्चिम बंगाल में कब लगेगा राष्ट्रपति शासन? फिरहाल, पश्चिम बंगाल में हिंसा का नग्न तांडव जारी है। राज्य में अब हिंदू सुरक्षित नहीं हैं। हालात बद से बदतर हो चुकी है. एक वर्ग के लोग हिन्दुओं के घर से खींच-खीच कर मार रहे हैं, लहूलुहान कर रहे है। विरोध प्रदर्शन के नाम पर मुर्शिदाबाद में घरों से खींच कर तीन लोगों जिंदा जला दिया गया। धुलियान में हिंदुओं की दर्जनों दुकानों को लूटा गया. हिंसा का हाल यह है वहां हिंदू त्योहार मनाने के लिए कोर्ट जाना पड़ता है. यह सब ममता बनर्जी तुष्टीकरण की राजनीति के चलते हो रहा है। हिंसा के हालात इतने बिगड़ गए है कि जो काम केन्द्र सरकार को करना चाहिए वह काम कलकत्ता हाई कोर्ट के जरिए हिंसा ग्रस्त इलाकों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती का आदेश देना पड़ा। आदेश में साफ-साफ कहा गया है कि हिंसा को रोकने के लिए बंगाल सरकार ने पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में समुदायों के बीच हिंसा की लगातार घटनाएं हुई हैं। आज तक व्याप्त अशांत स्थिति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। मतलब साफ है वक्फ वोर्ड की आड़ में पश्चिम बंगाल में एक वर्ग को खुली छूट देकर हिन्दुओं का कत्लेआम कराया जा रहा है। कुछ लोगों ने तो स्थिति की तुलना 1990 में कश्मीरी पंडितों के पलायन से करते हुए चेतावनी दी कि अगर तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो बंगाल में भी ऐसे हालात पैदा हो जाएंगे। माना कि इस हिंसा से हिन्दू वर्ग में आक्रोश का ज्वाला दहकेगी और इसका फायदा बीजेपी को मिलेगा, लेकिन भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि हिन्दुओं का एक बड़ा वर्ग उसके साथ है। ऐसे में सियासी लाभ के लिए पश्चिम बंगाल के हिन्दुओ को बांग्लादेश की तरह आग में नहीं झोकना चाहिए और ममता की गुंडागर्दी व अराजकता पर ब्रेक लगाने के लिए कुछ और ना सही राष्ट्रपति शासन तो लगा ही सकती है। इससे भविष्य में हिंसा को रोकने और हिंदुओं को आश्वस्त करने में मदद मिलेगी कि उन्हें उनके हाल पर नहीं छोड़ा गया है। खासकर जब हाईकोर्ट ने आदेश दे ही दिया है तो पूरे पश्चिम बंगाल को सेना के हवाले करने में देर किस बात की। यहां जिक्र करना जरुरी है कि मुर्शिदाबाद, मालदा, नदिया और दक्षिण 24 परगना जैसे जिलों में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं हुई हैं लेकिन राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने 'तुष्टिकरण' की राजनीति के कारण 'आंखें मूंद' ली हैं। कलकत्ता उच्च न्यायालय को हस्तक्षेप करते हुए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती का आदेश देना पड़ा, जिससे 'राज्य की प्रशासनिक विफलता' उजागर हुई। कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा हाल के दिनों में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान सांप्रदायिक अशांति को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपाय पर्याप्त नहीं थे। बेंच ने यह भी कहा कि अगर पहले सीएपीएफ तैनात किया गया होता, तो स्थिति इतनी गंभीर और अस्थिर नहीं होती। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्रीय सशस्त्र बलों की पहले तैनाती से स्थिति को कम किया जा सकता था, क्योंकि ऐसा प्रतीत होता है कि समय पर पर्याप्त उपाय नहीं किए गए। खंडपीठ ने इस बात पर जोर दिया कि स्थिति गंभीर और अस्थिर है। बेंच ने अपराधियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और निर्दोष नागरिकों पर हुए अत्याचारों को रोकने की जरूरत पर बल दिया। आदेश में कहा गया कि जब लोगों की सुरक्षा खतरे में हो, तो संवैधानिक न्यायालय मूक दर्शक नहीं रह सकता और तकनीकी बचाव में उलझ नहीं सकता। क्योंकि मुर्शिदाबाद सहित कई जिलों में हिंसा के बाद कश्मीरी हिन्दुओं की तर्ज पर लोग छिप-छिप कर पलायन कर रहे हैं। स्कूलों में शरण ले रहे हैं. इनमें महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल हैं. पलायन करने वालों का कहना है कि वहां लूटपाट और घरों में आग लगाने की घटनाएं हुई हैं. बता दे, वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा भड़क गई. उपद्रवियों ने कई इलाकों में पथराव किया. आगजनी की. ट्रेनें रोकीं. कई दफ्तरों को नुकसान पहुंचाया. साथ ही पुलिस वालों को भी निशाना बनाया. हिंसा में 3 लोगों की मौत हो चुकी है. हिंसक झड़प में 15 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। हिंसा में धार्मिक कट्टरपंथियों के डर से मुर्शिदाबाद के धुलियान से 400 से अधिक हिंदू नदी पार कर लालपुर हाई स्कूल, देवनापुर-सोवापुर जीपी, बैसनबनगर, मालदा में शरण लिए हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वक्फ कानून को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल में ये कानून लागू नहीं किया जाएगा. यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है, इसलिए जवाब भी केंद्र सरकार से ही मांगा जाना चाहिए. लेकिन सवाल तो यही है जब कानून लागू ही नहीं करना है तो एक वर्ग को भड़काकर किसके लिए हिंसा करायी जा रही है। दुसरा बड़ा सवाल है कि जब सुप्रीम कोर्ट में वक्फ कानून के खिलाफ़ दायर याचिका पर 16 अप्रैल को सुनवाई होगी तो हिंसक विरोध प्रदर्शन देशभर में क्यों हो रहे हैं? पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध की आग धधक उठी. यहां प्रदर्शन हिंसा में क्यों तब्दील हो गया। वक्फ़ कानून को लेकर देश के कई हिस्सों में मुस्लिम समुदाय लगातार प्रोटेस्ट कर रहा है। पश्चिम बंगाल में तो प्रोटेस्ट और भी गंभीर होते जा रहे हैं। सामाजिक ताना-बाना टूट चुका है। योगी ने कहा "आश्चर्य होता है कि यह वही देश है जिसमें वक्फ के नाम पर लाखों एकड़ जमीन कब्जा ली गयी है। उनके (कब्जा करने वालों के) पास कोई कागज नहीं, कोई राजस्व का रिकॉर्ड नहीं है और जब से (वक्फ) संशोधन विधेयक पारित हुआ और कार्रवाई हो रही है तो इसके लिए हिंसा भड़काई जा रही है।" योगी ने कहा, "पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में तीन हिंदुओं की उनके घरों से खींचकर हत्या कर दी गयी। ये सब कौन हैं, ये वही दलित, वंचित और गरीब हैं जिसको इस जमीन का सर्वाधिक लाभ मिलने वाला है।" गौरतलब है कि पिछले सप्ताह संसद द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) अधिनियम मंगलवार से लागू हो गया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया, "वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की धारा 1 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार ने आठ अप्रैल 2025 से उक्त अधिनियम के प्रावधान लागू किए हैं।" इसी का विरोध किया जा रहा है। जबकि वक्फ कानून तो बहाना है, असल में मोदी निशाना हैं। मौलानाओं की तकरीर का मकसद किसी तरह मोदी को झुकाना है। वक्फ कानून का आम मुसलमान से कोई लेना-देना नहीं है, पर उसे ये समझाया जा रहा है कि सरकार मस्जिदों, कब्रिस्तानों और ईदगाहों पर कब्जा कर लेगी। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने ऐलान कर दिया कि वक्फ कानून के खिलाफ देश भर में 1985 जैसा आंदोलन चलाया जाएगा। जैसे शाहबानो केस में उस वक्त राजीव गांधी की सरकार को झुकाया था, वैसे ही मोदी सरकार को वक्फ संशोधन कानून वापस लेने पर मजबूर किया जाएगा। बोर्ड की तरफ से देश भर की मस्जिदों को एक ड्राफ्ट भेजा गया है जिनके आधार पर हर जुमे की नमाज के बाद मौलानाओं को तकरीरें करनी है। मुसलमानों को बताना है कि वक्फ एक्ट मजहबी मामलों में दखल है, सरकार इसके जरिए कैसे मस्जिदों, मदरसों और कब्रिस्तानों पर कब्जा कर लेगी। फिर देश भर में रैलियां निकाली जाएंगी। 22 अप्रैल को दिल्ली में बड़ी रैली होगी। आंदोलन का पहल चरण 7 जुलाई तक चलेगा। मौलानाओं ने जिस जंग का ऐलान किया है, वो असल में वक्फ कानून को लेकर नहीं है। कानून तो बहाना है, असल में मोदी निशाना हैं। मौलानाओं की तकरीर का मकसद किसी तरह मोदी को झुकाना है। वक्फ कानून का आम मुसलमान से कोई लेना-देना नहीं है, पर उसे ये समझाया जा रहा है कि सरकार मस्जिदों, कब्रिस्तानों और ईदगाहों पर कब्जा कर लेगी। असल में परेशानी तो उनकी है जिनका वक्फ की जायदाद पर कब्जा है। वे लोग इस मुहिम में पूरे जोर-शोर से जुटे हैं। मुसलमानों की ठेकेदारी करने वालों को लगता है कि अब तक तो हर सरकार हमसे दबती थी, हमने शाहबानो केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलवा दिया, 2013 में अपनी मर्जी के मुताबिक वक्फ कानून में बदलाव करवा लिया। अब सरकार हमारी बात कैसे नहीं सुनेगी? इसीलिए ये जंग वक्फ के कानून के मेरिट की नहीं, अपनी सुप्रीमेसी साबित करने की है। बड़ी बात ये है कि जिस तरह मुस्लिम पर्सनल बोर्ड और दूसरी तंजीमें वक्फ बोर्ड के खिलाफ माहौल को गर्म करने की कोशिश कर रहे हैं। उसका फायदा समाज के दुश्मन उठा सकते हैं। वो कोई शरारत करके दंगा भड़का सकते हैं।

सुरेश गांधी

...आज का दिन...

मेष- आज रात्रि 8/27 बजे तक व्यवस्थित, परिस्थितियाँ अनुकूल, मित्रों से सहयोग, लाभ का सुयोग, शेष समय विपरीत, कार्य अधूरे, मान-सम्मान में कमी, वाद विवाद।

वृषभ- कार्य-व्यवसाय में सफलता, धर्म में आस्था, मनोरंजन की ओर रुचि, पाविारिक खुशी, मित्रों परिजनों के सहयोग से बकाए धन की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।

मिथुन- स्वास्थ्य अनुकूल, कार्य प्रगति पर, आमोद-प्रमोद, ज्ञान-विज्ञान की ओर रुचि, संत समागम, नूतन-पुरातन मित्रों से योजना पर विचार विमर्श, विवाद समापन।

कर्क- आज रात्रि 8/27 बजे तक उलझने, आपसी संबंधों में कटुता, क्रोध की अधिकता, धन हानि, कष्ट भी, शेष समय आशाजनक, सामाजिक गतिविधियों में रुझान।

सिंह आज रात्रि 8/27 बजे तक विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिश्रम के अनुरूप सफलता, शेष समय असंतोषजनक, विवाद की आशंका, जीवनसाथी से कुछ कष्ट।

कन्या- विचाराधीन योजना कार्य रूप में परिणित, आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, आपसी सलाह से कामयाबी, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, खुशी भी।

तुला- कठिनाइयों की निवृत्ति, मनोवांछित सफलता का सुयोग, धन की प्राप्ति, आपसी संबंधों में प्रगाढ़ता, धार्मिक क्रियाकलापों में रुचि, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग।

वृश्चिक- आज रात्रि 8/27 बजे तक कार्यों के प्रति उदासीनता, परिस्थितियों में व्यतिक्रम, हानि की आशंका, शेष समय आशानुकूल, व्यापार में धन निवेश, सुसमाचार की प्राप्ति।

धनु- आज रात्रि 8/27 बजे तक सफलता, आरोग्य सुख, व्यावसायिक प्रगति, धन लाभ, प्रसन्नता, शेष समय प्रतिकूल, आर्थिक हानि, पारस्परिक संबंधों में कटुता, यात्रा कष्ट।

मकर- व्यावसायिक अनुकूलता, पारिवारिक कठिनाइयों के निवारण हेतु नवप्रयास आवश्यक, मनोविनोद का सुयोग, श्रेष्ठजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, लाभ भी।

कुम्भ- आर्थिक प्रगति, नवयोजना पर मित्रों-स्वजनों से विचार विमर्श, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्ष, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, संभावित यात्रा सुखद, वादविवाद का समापन।

मीन- आज रात्रि 8/27 बजे तक उलझनें व्यापारिक आर्थिक हानि, क्रोध की अधिकता, अपव्यय, शेष समय प्रगतिवारक, अधूरे कार्य बनने की ओर, लाभ का मार्ग प्रशस्त।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

डीएम ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन किया अर्पित

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी श्री त्रिभुवन, अपर जिलाधिकारी श्री अनिल कुमार एवं नगर मजिस्ट्रेट श्री आसाराम वर्मा सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारियों/कर्मचारियों ने भी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिलाधिकारी ने आयोजित गोष्ठी में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को नमन करते हुए कहा कि शिक्षा ऐसी है, जो जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकती है। अगर हम शिक्षा के महत्व को समझते हैं तो हमेशा के लिए आपकी पूरी जिंदगी बदल जाती है। भारतीय संविधान के निर्माण में 02 वर्ष 11 माह एवं 18 दिन का समय लगा। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान निर्माण के समय अलग-अलग देशों के संविधान का अध्ययन कर उसमें से अच्छी चीजों को लेकर हमारे संविधान में रखा। उन्होंने संविधान में राज्य को एक लोक कल्याणकारी राज्य के रूप में रखा। स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार दिया। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने अनेक पुस्तकों की रचना की तथा अपना पूरा जीवन शिक्षा एवं राष्ट्र के लिए समर्पित किया। गोष्ठी में मुख्य राजस्व अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी ने भी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जीवन दर्शन, सिद्धांतों एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। नगर मजिस्ट्रेट ने अपनी कविता के माध्यम से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

चंदौली/ बलिया

हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

चंदौली। जनपद में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए की गई। जिलाधिकारी ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन समर्पण, संघर्ष और शिक्षा के महत्व का प्रतीक है। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर के शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय पर आधारित विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विशेष रूप से शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार है, जिससे हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। इस विचार को दोहराते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाएं। जनपद के समस्त विभागों में हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान विषय पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा सेमिनार, निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला, वाद-विवाद एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के विचारों और उनके कार्यों को जनसामान्य तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार एवं आलोक कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंबेडकर जयंती पर स्कूल में हुआ भव्य आयोजन, भाषण में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

तरुणमित्र न्यूज़

सिकन्दरपुर (बलिया)। क्षेत्र के एनएमजी इण्टर कालेज में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर हुई। इसके बाद छात्राओं ने भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं। इन प्रस्तुतियों में डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक न्याय के लिए किए गए कार्यों को दर्शाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सन्तोष शर्मा ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल व्यक्ति नहीं, एक विचार हैं। उनके विचार आज भी समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे की प्रेरणा देते हैं। शिक्षकों ने छात्रों को डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प भी दिलाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जितेंद्र कुमार, गजेंद्र बहादुर यादव, अनिल यादव, सनाउल्लाह, अहसानुल्लाह, गौहर खान, मनोहर कुमार आदि मौजूद रहे।

सर्पदंश से बालिका की मौत

सिकन्दरपुर (बलिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बिच्छी बोझ निवासी 7 वर्षीय बालिका की मौत रविवार को जहरीले जन्तु के काटने से हो गई। सूचना पा कर घर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम हेतु बलिया भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बिच्छी बोझ गांव निवासी जयप्रकाश राम की पुत्री तनु रविवार को अपरान्ह पड़ोस के अन्य बच्चों के साथ अपने मकान के बगल में खेल रही थी उसी दौरान झाड़ी में छिपे जहरीले जन्तु ने उसके पैर में काट लिया। कुछ देर बाद तनु की तबियत खराब होने पर परिजन इलाज हेतु उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाये जहां जांच के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर घर ले जाने की सलाह दी। किन्तु परिजन तनु को बाँसडीह स्थित अमवा के सती माई के यहां ले कर चले गए किन्तु वहां भी तनु को मृतक ही बताया गया। तनु की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। और रो रो कर उनका बुरा हाल है।

अग्निशमन विभाग का 14 से 16 अप्रैल तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन



चंदौली। सीएफओ रमाशंकर तिवारी ने बताया कि जनपद में 14 अप्रैल से 16 अप्रैल 2025 तक अग्निशमन स्मृति दिवस तथा अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज फायर स्टेशन व महत्वपूर्ण स्थान पर समस्त फायर स्टेशन क्षेत्र में फायर रैली निकालकर जनता को जागरूक करने का कार्यक्रम चलाया गया। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को जनपद मुख्यालय वह तहसील स्तर पर विद्यमान फायर स्टेशनों के सहयोग से शिक्षा संस्थानों में अग्नि सुरक्षा से संबंधित निबंध चित्रकला एवं व्याख्यान का आयोजन कराया जाएगा। इसके साथ ही 16 अप्रैल को जनपद मुख्यालय फतासिल स्तर पर बनखंडी भावनाओं प्रतिष्ठानों सभागारों का निरीक्षण एवं जांच कर मार्क ड्रिल हेतु अभियान चलाया जाएगा इसके साथ ही व्यापार मंडल के सम्राट व्यक्तियों एवं नागरिकों को बुलाकर गोष्टी तथा विचार विमर्श का आयोजन किया जाना जाएगा साथ ही ग्रामीण अंचलों में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान प्रमुखता से चलाया जाएगा।

भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की मनाई गई जयंती

चकिया, चंदौली। डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134 जयंती के शुभ अवसर पर उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार सावित्री बाई फुले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चकिया चंदौली में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो संगीता सिन्हा की अध्यक्षता में पाठ्येतर गतिविधि प्रकोष्ठ प्रभारी श्री विश्व प्रकाश शुक्ल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ सुरेन्द्र कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती उत्सव पखवाड़ा (14 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025) अभियान का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राओं द्वारा उनके तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन,माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के उपरांत उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकोष्ठ प्रभारी श्री विश्व प्रकाश शुक्ल एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रमाकांत गौड़ ने उनके सामाजिक, राजनीतिक एवं वैधानिक अवदान प्रकाश डाला गया। इस उत्सव पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत गूगल मीट के माध्यम से संचालित ऑनलाइन व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन का म मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सचिवालय कार्यरत रिसर्च एसोसिएट माननीय डॉ. पंकज जमतानी रहे। इन्होंने अपने व्याख्यान विषय संविधान और उससे आगे आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ. अंबेडकर की विरासत में डॉ. भीमराव अंबेडकर की बहुआयामी भूमिका को रेखांकित करते हुए बताया कि वे केवल भारतीय संविधान के शिल्पकार नहीं थे, बल्कि आधुनिक भारत की लोकतांत्रिक नींव के निर्माता भी थे। उन्होंने संविधान निर्माण के दौरान व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता, सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता जैसे मूलभूत सिद्धांतों को मजबूती से स्थापित किया। डॉ. अंबेडकर की दृष्टि केवल विधिक या राजनीतिक नहीं थी, बल्कि वे सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को मिटाकर समावेशी समाज की स्थापना के पक्षधर थे। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक उन्नति का मूल साधन माना और स्त्री-पुरुष समानता पर बल दिया। डॉ. जमतानी ने यह भी उल्लेख किया डॉ. अंबेडकर का चिंतन आज भी भारतीय लोकतंत्र को नैतिक दिशा देने वाला प्रकाश स्तंभ के रूप में मददगार साबित हो रहा है। ऑनलाइन व्याख्यान में जुड़े छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे डॉ. अंबेडकर की शिक्षाओं को केवल किताबों में सीमित न रखें, बल्कि उन्हें जीवन में आत्मसात करें और सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त वरिष्ठ प्राध्यापक गण डॉ सरवन कुमार यादव, श्री संतोष कुमार, डॉ कलावती, डॉ प्रियंका पटेल, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, श्री पवन कुमार सिंह, डॉ अमिता सिंह, डॉ संतोष कुमार यादव, डॉ शमशेर बहादुर, डॉ रोहित कुमार, एवं श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, श्याम जन्म सोनकर, मनोज आदि सहित अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

चंद्रशेखर ने देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में पिरोया

वाराणसी। चंद्रशेखर फाउंडेशन की ओर से नरिया में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रेशखर सिंह और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू प्रसिद्ध नारायण सिंह बाबू की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ.दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि गांधी के बाद पूरे देश को भावनात्मक एकता के सूत्र पिरोने का यदि कोई जमीनी प्रयास हुआ तो उसके अगुवा चंद्रशेखरजी थे।

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विवि के पूर्व कुलपति प्रो.रजनीश शुक्ल ने कहा कि चंद्रशेखर के जीवन में विद्रोह और अनुशासन दोनों का अद्भुत सामंजस्य देखने को मिलता है, जो राजनीति में सर्वथा दुर्लभ है। बाबू प्रसिद्ध नारायण सिंह का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी, जनप्रतिनिधि तथा बनारस के पहले स्नातक की आग्रह तथा स्वप्न की साक्षात प्रतिमा है उदय प्रताप महाविद्यालय। संकटमोचन मंदिर के महंत प्रो.विशंभर नाथ मिश्र ने कहा कि चंद्रशेखर ने राजनीति में मतभेद और मनभेद के अंतर को ठीक ढंग से परिभाषित किया। एमएलसी डॉ धर्मेंद्र राय ने कहा कि चंद्रशेखर जमीन से उठे हुए राजनेता थे। विधायक टी.राम ने कहा कि समाजवादी राजनीति के अलमबरदार चंद्रशेखर भारतीय संस्कृति और परंपरा के गौरवपूर्ण मूल्य के प्रबल पक्षधर और रक्षक थे। इसमें समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले गुप्तेश्वर सिंह शास्त्री, ब्रह्मानंद पाठक, अरविंद मिश्रा, राम द्विवेदी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर विवि, बलिया के पूर्व कुलपति योगेंद्र सिंह, चंद्रशेखर फाउंडेशन के अध्यक्ष हिमांशु सिंह, अनिल श्रीवास्तव, राजेंद्र, अरविन्द कुमार शुक्ल, डॉ उमेश सिंह, अरविंद किशोर राय, डॉ हर्षवर्धन सिंह, अंबरीश सिंह भोला आदि मौजूद रहे।

आपात सेवा सप्ताह पर शहीद दमकलकर्मी याद किए गए

वाराणसी। चेतगंज स्थित फायर स्टेशन पर सोमवार को दमकलकर्मियों का शहादत दिवस मनाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डॉक से ब्रिटिश मालवाहक एसएस फोर्ट स्टिकिन द्वारा कपास की गांठे, लकड़ी, तेल, सोना और गोला-बारूद का मिश्रित माल जा रहा था जिसमें विक्टोरिया डॉक मुम्बई पर ही आग लग गई और दो भीषण विस्फोट हुए जिसमें 800-1200 लोगों को क्षति पहुंची थी तथा अग्निशमन कार्य करते हुए 66 जॉबाज दमकलकर्मी शहिद हो गये थे। उनकी शहादत के अवसर पर प्रतिवर्ष शहीद बहादुर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। साथ ही अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है।

एमसीबी फुंकी तो मेन लाइन से जोड़ दिया कनेक्शन

वाराणसी। जंगमबाड़ी मठ के सामने अंडर ग्राउंड बिजली केबल के पैनल में लगे एमबीसी के जलने के बाद गोदौलिया उपकेंद्र के लाइनमैन ने पैनल से दिए गए सभी कनेक्शन डायरेक्ट मेन लाइन से जोड़ दिया। इससे कनेक्शनधारियों को दुर्घटना की आशंका है। उनका कहना है मेन लाइन से सभी कनेक्शन जोड़ दिए जाने से आए दिन चिंगारी निकलती है। इस बारे में कई बार भदैनी और गोदौलिया उपकेंद्र के अफसरों से शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

दुकानदारों ने बताया कि पिछले सप्ताह पहले पैनल में दोबार आग लग गई थी। इसके चलते सभी एमसीबी खराब होने से आपूर्ति भी बाधित हो गई थी। मौके पर पहुंचे लाइनमैन ने एमसीबी बदलने की बजाए सभी कनेक्शन को मेन तार से जोड़ दिया। हालांकि, उस वक्त दुकानदारों ने इसका विरोध भी किया था लेकिन लाइनमैन बहाना बनाकर चलते बने। अब तक नई एमसीबी नहीं लगाई गई।

मां विंध्यवासिनी का कसेरा समाज ने किया शृंगार

वाराणसी। कसेरा समाज की ओर से शनिवार को काशीपुरा स्थित मां विन्ध्यवासिनी का विशेष शृंगार किया गया। इससे पहले काशीपुरा स्थित गंगू का शिवाला से बधावा यात्रा निकाली गई। इसमें समाज की महिलाएं, युवा, बुजुर्ग शृंगार की सामग्री से सजे थाल थे। 108 महिलाएं गंगाजल से भरे तांबे का कलश भी लिये थीं। शोभायात्रा बुलानाला, चौक, गोविन्दपुरा, राजादरवाजा होते हुए विंध्याचल मंदिर पहुंची। जुलूस में डमरु दल और शंख दल आकर्षण बने। देर रात मां विंध्यसाविनी की महाआरती के दौरान चारों ओर जयकारा गूंजा। मुख्य अतिथि सूबे के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी समेत संस्था के अध्यक्ष रामजी कसेरा ने विशेष आरती उतारी। इस दौरान महामंत्री घनश्याम कसेरा, विनोद कसेरा, अशोक कसेरा, अरुण कसेरा, अनिल कसेरा, बुद्धलाल कसेरा, श्रीचन्द कसेरा, मुकेश कसेरा, अमित कुमार क्षत्रिय, विवेक कुमार आदि रहे।

कोलकाता की अनामिका का वाराणसी में सुमधुर शास्त्रीय गायन

वाराणसी। सुबह-ए-बनारस आनंद कानन की ओर से होने वाली प्रभाती में रविवार को अस्सी घाट पर कोलकाता की अनामिका कुरी प्रामाणिक का शास्त्रीय गायन हुआ। अस्सी घाट पर हुए आयोजन में अनामिका ने गायन की शुरुआत राग नटभैरव में विलंबित एक ताल में निबद्ध बंदिश 'पिनाक धर शंकर से किया। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास के भजन से गायन को विराम दिया। उनके साथ तबला पर गौरव बनर्जी एवं हारमोनियम पर कुणाल वर्मा ने संगत की। कलाकारों को प्रमाणपत्र यादवेश कुमार ने प्रदान किया। संचालन संस्था के संस्थापक सचिव डॉ. रत्नेश वर्मा ने किया।

झंडा लगाने के विरोध में दलितों पर जानलेवा हमला, छत से पथराव

- **दर्जनों घायल, चार की हालत गंभीर**
- **सिराज अंसारी समेत उसके तीन पुत्र एससी-एसटी में पाबंद**

खेतासराय। जिले के नगर पंचायत खेतासराय के डोभी मोहल्ले में अंबेडकर जयंती के मौके पर सुबह साढ़े 9 बजे दलित बस्ती के कुछ लड़के सड़क किनारे डा. अंबेडकर की जयंती का झंडा लगा रहे थे। इस दौरान वहां खड़े बाराकला निवासी मकान मालिक सेराज अहमद के लड़के सैफू, सालिम और सिज्जु ने झंडा लगाने से मना किया। दलित पवन कुमार, मनीष, प्रियांशु उर्फ प्रिंस और सुभाष गौतम ने कहा हम तो रास्ते के खंभे पर झंडा लगा रहे हैं आप क्यों विरोध कर रहे हैं। बस इतना सुनते ही मनबढ़ किस्म के सिराज अहमद व उसके लड़कों ने घर में से लाठी, हाकी, डंडा, सरिया निकाल कर दलित लड़कों पर हमला बोलते हुए जोरदार पिटाई शुरू कर दी। इससे कई लोगों के सिर में जोरदार चोट लग गया। अचानक हुए इस बवाल से पूरे दलित बस्ती में हड़कम्प मच गया। भारी संख्या में दलित बस्ती के लोग मौके पर पहुंचे और खून से लथपथ चोटिल बच्चों को बचाने लगे। कुछ लोग सिराज अहमद अंसारी के घर के पास पहुंच कर मारने पीटने का कारण पूछने लगे । इतने में सिराज के घर की महिलाएं और लड़कों ने दो मंजिला छत पर चढ़ कर फिर ऊपरी हिस्से से नीचे खड़े लोगों के ऊपर पथराव शुरू कर दिया। करीब आधे घंटे तक चले इस पथराव में सिराज की खुद की गाड़ियां भी टूट गई। उधर से गुजर रहे कई राहगीर भी चोटिल हो गए। आरोप है कि सिराज अंसारी के घर की छत पर काफी संख्या में ईंट और पत्थर के टुकड़े पहले से रखे गए थे। इस हमले में चोटिल दलित 18 वर्षीय पवन पुत्र प्रदीप गौतम, 22 वर्षीय मनीष पुत्र भगवान दास गौतम, 20 वर्षीय प्रियांशु पुत्र कामता प्रसाद गौतम और 38 वर्षीय सुभाष उर्फ गुड्डू पुत्र रामस्वरात गौतम को गंभीर चोटें आई हैं। खबर लगते खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उप निरीक्षक अनिल कुमार पाठक, हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, अंबिका यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर बवाल को शांत कराया। उन्होंने घायल सभी चारों लड़कों को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी भेजा। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में एंबुलेंस से पुनः जिला अस्पताल भेजा गया। इस संबंध में डिप्टी एसपी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि मोहम्मद सिराज अहमद पुत्र अब्बास व उसके तीन पुत्र मोहम्मद सालिम, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद साजिद निवासी मोहल्ला भारतीय विद्यापीठ वार्ड नम्बर पांच के खिलाफ आईपीसी की धारा 352, 351, एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करने के बाद तत्काल गिरफ्तारी कर चालान न्यायालय भेज दिया गया है।

थानाध्यक्ष की सक्रियता से बचा बवाल

खेतासराय। अंबेडकर जयंती के मौके पर जहां हजारों लोगों की भीड़ कस्बे में जुटी हुई थी। ठीक इस दौरान नव धनाड्य सिराज अंसारी जैसे उभरते दबंग और उसके बेख़ौफ़ बेटों द्वारा डा. अंबेडकर जयंती के मौके पर झंडा लगाने के मामूली बात को लेकर डोभी मोहल्ले में दलितों के ऊपर किए गए जानलेवा हमला और छत से किए गए पथराव के दौरान जिस प्रकार से हजारों की भीड़ उसके घर को फूंकने जा रही थी। लेकिन खेतासराय थाने के प्रभारी निरीक्षक रामाश्रय राय ने जितनी तेजी के साथ भारी पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचते हुए हालात को कंट्रोल किया। उसकी पूरे इलाके में सराहना हो रही है । वरना किसी संभावित बड़े बवाल से इनकार नहीं किया जा सकता था।

हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ भव्य कार्यक्रम

मछलीशहर। क्षेत्र के गोहका गांव स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री हनुमान मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिले भर से तमाम संभ्रांत लोगों का आना जाना लगा रहा। सुबह से ही अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल हुए। यह कार्यक्रम पिछले 30 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है। कार्यक्रम आयोजक भाजपा नेता इंद्रेश तिवारी संयोजक आशीष तिवारी ने सभी भक्तजनों का स्वागत, अभिनंदन किया।

पुलिस बूथ का हुआ शुभारंभ

सुजानगंज। क्षेत्र के बदलापुर तिराहे पर रविवार को थाना सुजानगंज द्वारा बनवाए गए पुलिस बूथ का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जेपी इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक जयप्रकाश त्रिपाठी ने कहा थाना सुजानगंज द्वारा अपराध को नियंत्रित करने के लिए बनवाए जा रहे इन पुलिस बूथों का कार्य अत्यंत ही सराहनीय है। कार्यक्रम में दिनेश कुमार मिश्र, आलोक सिंह, विजय पृताप सिंह, हुबनाथ सिंह, शुधीर तिवारी, नन्हकू यादव, विकास सिंह, धीरज गुप्ता के साथ क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

बिना अनुमति लगाई गई आंबेडकर मूर्ति को पुलिस ने हटवाया

मडियाहू। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के किशुनपुर ग्राम में नवनिर्मित प्रवेश द्वार पर बिना अनुमति के सोमवार की सुबह भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने की सूचना पाकर प्रशासन में खलबली मच गई। प्रतिमा रखे जाने पर गांव में तनाव उत्पन्न हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उक्त प्रतिमा को हटवाया तब जाकर मामला शांत हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव के प्राथमिक विद्यालय की चहर दिवारी पर महापुरुषों के चित्र बनाए गए हैं। जिमसे से बाबा साहब के चित्र पर सोमवार की भोर शरारती तत्वों ने कालिख लगा दिया। सुबह जानकारी मिलने पर दलित बस्ती के लोग आक्रोशित हो गए और ब्राह्मण बस्ती में जाने वाले मार्ग पर हरिहर प्रसाद दुबे की पुण्य स्मृति में नवनिर्मित प्रवेश द्वार के ऊपर अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दिया। प्रतिमा स्थापित किए जाने पर गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बिना अनुमति के स्थापित उक्त प्रतिमा को हटवा कर मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया। स्थिति को गंभीरता को देखते हुए मौके पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गिरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव, तहसीलदार अजीत कुमार समेत भारी संख्या में पुलिस बल डटी रही।

लेखपाल संघ भवन के लिए भूमि पूजन संपन्न

मड़ियाहूं। स्थानीय तहसील परिसर में सोमवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ भवन के लिए उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव व तहसीलदार अजीत कुमार की उपस्थिति में भूमि पूजन संपन्न हुआ। उप जिलाधिकारी ने कहा कि इस भवन के बन जाने से लेखपालों को एक उचित कार्यालय मिलेगा, जिससे वे दस्तावेजों को सुरक्षित रखते हुए अपने कार्यों को व्यवस्थित ढंग से कर सकेंगे। इस अवसर पर लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार, जिला मंत्री जयशंकर यादव, प्रमोद श्रीवास्तव समेत अन्य लेखपाल व तहसील कर्मी उपस्थित रहे।

एम्बुलेंस को अधीक्षक ने दिखवाई हरी झंडी

जलालपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी पर आयी नयी एम्बुलेंसो को अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाया गया। सोमवार को अस्पताल परिसर मे अधीक्षक डाक्टर अलोक कुमार सिँह के द्वारा फीता काटने के पश्चात् हरी झंडी दिखा कार नयी एम्बुलेंसो को रवाना किया गया। अधीक्षक डाक्टर आलोक कुमार सिँह ने बताया की अस्पताल मे स्वास्थ्य सेवाओं को संचालित करने मे मरीजों की मदद के लिये चार नयी एम्बुलेंस मिली है जिनमे दो 108और दो 102 एम्बुलेंस आयी हैं। अभी तक पुरानी एम्बुलेंस से काम चलाया जा रहा था। लेकिन सरकार की तरफ से मिली नयी एम्बुलेंस से मरीजों को दूर दराज से लें जाने लाने व दुर्घटना ग्रस्त मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। इस मौके पर एम्बुलेंस के ई एम टी और चालको मे दिव्या विश्वकर्मा, नितिन, बहारुद्दीन, हरिओम,, शैलेश, गुरु प्रसाद, प्रवेश, राहुल, रमेश, मानसिंह, संजय यादव, मनोज रहे।

छात्रों में 100 टेबलेट बांटे गये

थानागद्दी। केराकत क्षेत्र के सत्येंद्र बहादुर सिंह आईटीआई कालेज परिसर मे सरकारी की योजनाओ के अंतर्गत कालेज में टेबलेट का वितरण किया। शनिवार को आईटीआई कालेज परिसर मे टेबलेट वितरण का कार्य किया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे कालेज की प्रबंधक उषा सिंह, और विशिष्ट अतिथि जितेंद्र प्रताप सिंह रहे। प्रबंधक उषा सिंह द्वारा आईटीई के सौ छात्रों मे टेबलेट वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में आईटीआई कालेज के प्रिंसिपल विजय शंकर मिश्रा, शिव विश्वकर्मा, नविन कुमार, आनंद, कुमार, जयप्रकाश, योगेंद्र सिंह रहे।

ग्रामीण इलाकों में भी रही डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती की धूम

आंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते लोग।

जौनपुर। ग्रामीण इलाकों में भी संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। **बदलापुर प्रतिनिधि के अनुसार** संविधान के जरिये सबको समानता का अधिकार देने वाले संविधान निर्माता देश के बहुमूल्य रत्न, भारत रत्न बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को बदलापुर तहसील क्षेत्र के कयी स्थानों पर हर्षोंल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। ततक्रम में श्री बजरंग पीजी कॉलेज घनश्याम पुर के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जैनेंद्र कुमार तिवारी ने ग्राम सभा घनश्यामपुर में स्थित बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसरपर दीपक अस्थाना, सत्यम, प्रदीप तिवारी, सचिनअग्रहरि, प्रज्ञा तिवारी, खुशी तिवारी, रीमा यादव प्राजंलि पांडे, स्वाति अग्रहरि, कांति यादव, रक्षा तिवारी, पूजा विश्वकर्मा, मालू उपाध्याय सत्यम श्रीराम आनंद तिवारी पूर्व प्रधान दिवाकर तिवारी ऋतुराज सत्यनारायण हरिजन शिलाजीत हरिजन, शिक्षक तथा समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे। दलितों के मसीहा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती सोमवार को हर्षोंल्लास के साथ धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान विभिन्न गांवों पूरामुकुंद मुराद पुर कोटिला बरौली सरोखनपुर आदि गांवों कीबस्तियों से डीजे की धुनपर थिरकते हुये भारी संख्या में चलकर आये बौद्धिष्ठ ने सर्वप्रथम घनश्यामपुर मार्ग, अम्बेडकर पार्क स्थित बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

रामपुर प्रतिनिधि के अनुसार रामपुर थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शोभायात्रा में भानापुर, रामपुर ,कोटि गांव,धनुहां आदि स्थानों के लोगो ने जुलूस में एकत्रित होकर पूरे रामपुर बाजार तक भ्रमण करते हुए पुनः अपने -अपने स्थान पर पहुंच कर समाप्त किया गया। वही क्षेत्र में जगह जगह बाबा साहब की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।

जलालपुर प्रतिनिधि के अनुसार भाजपा मण्डल जलालपुर के तत्वावधान में मण्डल के सभी बूथों पर भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदीप कुमार, रणविजय सिंह, गुरुचरण सोनकर, भैयालाल सरोज, धीरेन्द्र सिंह, विपिन मिश्रा, सुशील निषाद, राजेश यादव, योगेश दुबे, सत्यम उपाध्याय, विनोद कुमार, नितेश यादव, पिंटू निषाद आदि उपस्थित रहे। अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जलालपुर बाजार में निकाले गए भव्य जुलूस का बाजारवासियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जयमाला परिवार के बाबू सलीम, बाबू वसीम, मेहनाज, रियाज, वाजिद अली, सोहराब, रूस्तम और रेहान द्वारा विशेष इंतजाम किए गए।

खेतासराय प्रतिनिधि के अनुसार भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर सोमवार को कस्बा के मुख्य चौराहे पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर शांति भूषण मिश्र, डा. बांकेलाल यादव, बृजनाथ जायसवाल, राजकेशर, महेंद्र प्रधान, सुरेश कुमार, दिव्यम विश्वकर्मा, गौरव मौर्या, धर्मचंद्र गुप्ता, परमेन्दर मोदनवाल अन्य उपस्थित रहे।

गोधना प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र में ग्राम चौकी खुर्द, किशुंदासपुर व ग्राम गोधना में आज बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वां जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। पूरा कार्यक्रम शांति और सद्भाव के वातावरण में संपन्न हुआ।

मड़ियाहूं प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय नगर के मिश्राना वार्ड में भारत रत्न संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पूर्व भाजपा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी सोनी जायसवाल के नेतृत्व में धुमधाम से मनायी गयी। इसी क्रम में भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष मडियाहू राजेश सिंह ने नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान की वजह से आज पूरे देश मे समानता है। इस अवसर पर संतोष गुप्ता, गुलजारी चौहान, रवि मौर्य सभासद, मनोज चौरसिया, डॉ. श्याम दत्त दुबे, अनुराग दुबे, नितेश सेठ, ललित तिवारी, गौरव सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से मां-बेटे की गई जान

जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के संजरपुर गांव निवासी विवाहिता को काश पता होता कि घर से मायका जाकर दूसरे दिन वापस लौटना उसका और उसके दुधमुंहे पुत्र की अंतिम यात्रा होगी तो वह कदापि बहन की गोदभराई में शामिल होने न जाती। हादसे में मां-बेटे की एक साथ मौत की खबर घर पहुंचते ही स्वजन उक्त बातों की दुहाई देते हुए दहाड़े मारकर रोने बिलखने लगे जिससे पूरे गांव में मातम पसर गया। बताते हैं कि गांव निवासी नजमा पत्नी सज्जाद रविवार को अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र उबैद को गोद में लेकर देवर मोहम्मद कैफ के साथ बाइक से अपने मायके सुल्तानपुर जिले के करौंदी थाना क्षेत्र के पहाड़पुर कला गांव में छोटी बहन की गोदभराई में शामिल होने गई थी जहां से दूसरे दिन सोमवार को उसी बाइक से वापस घर लौट रही थी। रास्ते में गौरा गांव स्थित एक ईंट-भट्ठा के पास गोद में लिया बच्चा रोने लगा। नजमा ने देवर से बाइक रोकने को कहा। वह पटरी के बगल बैठकर बच्चे को स्तनपान कराने लगी। मोहम्मद कैफ दूर जाकर खड़ा हो गया। तभी ईंट लादकर आ रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मां-बेटे को रौंदते हुए पेड़ से जा टकराया। जिसके कारण घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। देवर दूर खड़ा था, वह बच गया। घटना की खबर घर पहुंचते ही स्वजन रोने बिलखने लगे।

परिजन को आज भी मिल रही है ठाकुर अशोक सिंह की प्रेरणा

पदचिन्हों पर चलकर उनके पुत्र और भतीजे संस्कार को बढ़ा रहे आगे

स्व0 अशोक सिंह की फाईल फोटो।

जौनपुर। टीडीपीजी कालेज के पूर्व प्रबंधक स्व. ठाकुर अशोक कुमार सिंह को गुजरे चार वर्ष हो गए लेकिन उनकी प्रेरणा आज भी परिवार वालों को मिल रही है। अपने पीछे परिवार को जो संस्कार छोड़ गए है उसी पद चिन्हों पर चलकर उनके पुत्र और भतीजे संस्कार को आगे बढ़ा रहे है। वे अपने कार्यकाल के दौरान किसी का भी अहित नहीं किए। यही कारण है कि दुनिया में न रहने के बाद भी कालेज परिवार सहित समाज के लोग आज भी उन्हें याद करते है। संस्कार ही उनके परिवार की असली धरोहर है इस परिवार में छोटे और बड़ों का जिस तरह से सम्मान किया जाता है यह अन्य परिवारों के लिए प्रेरणादायक है।

गौरतलब हो कि सिरकोनी ब्लॉक के महरूपुर गांव में ठाकुर राम सूरत सिंह के घर में 12 नवंबर 1942 में जन्मे अशोक कुमार सिंह दो बहनें और भाई में सबसे छोटे थे। उनकी माता प्यारी देवी थी। पंचायत चुनाव के दिन 15 अप्रैल 2021 को उन्होंने वाराणसी में एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। सुबह प्रधानी के चुनाव में लोग लगे थे जैसे ही दोपहर में उनके निधन की सूचना आई पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। बताते चलें कि बचपन में ही उनके सिर से पिता का साया उठ गया था और उनके बड़े भाई उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री स्व. उमानाथ सिंह ने पूरे परिवार को जिस तरह से संभाला उसी पद चिन्हों पर चलकर ठाकुर स्व. अशोक कुमार सिंह भी परिवार को आगे ले जाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। उनके अंदर भातृत्व का प्रेम इस कदर रहा कि 13 सितंबर 1994 को बड़े भाई के निधन के बाद उनका लगातार उमानाथ सिंह सेवा समिति बनाकर उनकी पुण्यतिथि अपने पूरे जीवनकाल तक मनाते रहे। वह शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य किये वह जितने भी शिक्षण संस्थान स्थापित किये वह अपने बड़े भाई पूर्व मंत्री स्व. उमानाथ सिंह के नाम ही स्थापित किये।

1994 में उन्होंने बड़े भाई के निधन के बाद टीडीपीजी कालेज के प्रबंधक का कार्यभार संभाला जो 14 अप्रैल 2021 तक इस पद पर बने रहे। लगभग 28 साल तक यह टीडीपीजी कालेज के प्रबंधक के रूप में अपनी सेवा दी तथा राजनीति के क्षेत्र में भी उनकी। अच्छी खासी पकड़ थी और वह भाजपा के जिलाध्यक्ष पद पर भी काफी दिनों तक रहे। वह ईंट भट्ठा संघ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं जौनपुर इकाई के आजीवन जिलाध्यक्ष रहे। बताते चलें कि उनकी रूचि धार्मिक कार्यक्रमों एवं राष्ट्र से जुड़े कार्यक्रमों में रहती थी और इन कार्यक्रमों में भाग लेने में पीछे नहीं रहते थे। उनकी धार्मिक प्रवृत्ति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह महीने में एक बार अयोध्या जाकर भगवान राम का दर्शन तथा वाराणसी में संकट मोचन जाना नहीं भूलते थे। उनकी पत्नी निर्मला देवी का निधन 30 जनवरी 2016 को ही हो गया था। पूजा नहीं पाठ करना उनकी दिनचर्या में शुमार थी। धार्मिक भावनाएं उनके अंदर इस कदर घर कर गई थी कि अगर किसी कार्यक्रम में उद्बोधन के लिए खड़े होते थे तो वह अपने भाषण के दौरान रामायण की चौपाईयों का उल्लेख जरूर करते थे। उनके पुत्र उनके भावनाओं के मुताबिक उनकी पुण्यतिथि हर साल मनाते है। तीन दिवसीय रामकथा का आयोजन महरूपुर में स्थित हनुमान मंदिर पर चलता है। अंतिम दिन बड़े पैमाने पर भंडारा होता है। उनके बताए रास्तों पर उनके परिवारीजन चलकर समाज में अपनी मौजूदगी बरकरार रखे हुए है। रामायण की काफी चौपाईयां उनको कंठस्थ थी और भाषण के दौरान रामायण और महाभारत पर प्रकाश डालने से नहीं चूकते थे। उनके परिवार में संस्कार और छोटे बड़ों का सम्मान सबसे बड़ी धरोहर है। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये है। उनके बड़े पुत्र टीडीपीजी कालेज के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह एवं उनके भतीजे पूर्व सांसद डा. कृष्ण प्रताप सिंह केपी, पूर्व मंत्री स्व. उमानाथ सिंह एवं स्व. अशोक कुमार सिंह के पद चिन्हों पर चलकर समाजसेवा में रमे हुए है।

कार्यालय ग्राम पंचायत गोगहरा, विकास खण्ड चकिया, चंदौली

पत्रांक: मेमो/निविदा/2024-25

दिनांक- 14.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.04.25 से दिनांक 20.04.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 22.04.25 को समय दिन में 12 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्सं ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट /सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम से संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्तें-

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

संदीप
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी गोगहरा
विकास खण्ड चकिया, चंदौली

अतीक अहमद
प्रधान- ग्राम पंचायत गोगहरा
विकास खण्ड चकिया, चंदौली

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डॉ.भीमराव अंबेडकर का मनाया गया 135वां जन्मदिवस

◆ **बाबा साहब ने संपूर्ण मानवता के उत्थान के लिए कार्य किया, उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं: डीएम**

◆ **बाबा साहब के व्यक्तित्व को सीमा में बाधा नहीं जा सकता: एडीएम**

डा.भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वां जन्मदिवस हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को को कलेक्ट्रेट सभागार में मनाई गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इसके अलावा अपर जिला अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया।

इस दौरान एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने बचपन में समाज के भेदभाव को झेला था, उन्होंने आजीवन इस भेदभाव को दूर करने का प्रयास किया।

उन्होंने समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी हेतु भी अनवरत प्रयास किया। उनके आदर्शों की प्रेरणा लेकर हमें उत्कृष्ट बनने तथा संपूर्ण देश को उत्कृष्ट बनाने हेतु प्रयास करना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने पूरी मानवता के उत्थान हेतु अनवरत प्रयास किया। वह ऐसी शख्सियत है, जिन्हें एक व्यक्तित्व की सीमा में बाधा नहीं जा सकता। उनके जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। जैसे उनके कार्य करने की शैली तथा जो भी अपने जीवन एवं समाज में परिवर्तन लाने है उस विषय में पारंगत होना तथा जीवन के अंतिम दिन तक लगातार सीखने का प्रयास करना शामिल है। अत: हमें बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अवश्य शामिल करना चाहिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने कहा कि संविधान निर्माता के रूप में हम डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद करते हैं, कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिन्हें सीमा में बाधा नहीं जा सकता। उनमें बाबा साहब प्रमुख हैं। नगर मजिस्ट्रेट विजेंद्र कुमार ने भी सामाजिक समरसता की बात कही तथा स्वयं में सुधार करने हेतु अनवरत प्रयास करने को कहा। इस दौरान अपर उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सिंह, सहायक भूलेख अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन से संबंधित विचारों को साझा किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट विजेंद्र कुमार, सहायक श्रमायुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी तथा कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यरत कर्मचारी उपस्थित रहे।

लड़की की शादी का कार्ड बांटने गए बाप की छत से गिरने से मौत

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। कोतवाली क्षेत्र के चालीसवाँ गांव निवासी एक व्यक्ति की छत से गिरने से रविवार देर रात मौत हो गई पुलिस ने सूचना पाकर मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के चालीसवाँ गांव निवासी ओम हरी चौहान उम्र 45 वर्ष जिनकी दुकान चुंगी तिराहे के पास आटा चक्की बेचने की है इनके पहली लड़की की शादी 12 मई को होनी है। उसी के शादी का कार्ड अपने रिश्तेदारियों में बांट रहे थे। देर होने पर थाना जीयनपुर आजमगढ़ अतरकच्छा गांव में अपने साढ़ू के घर कार्ड देने के लिए पहुंचे और वहीं पर खाना खाकर दो मंजिला मकान के ऊपर सो रहे थे। रात लगभग 2 बजे अचानक लघुसनक्षा मिटाने के लिए उठे और दो मंजिला मकान से नीचे गिर गए। घर के लोगों को जब पता चला तो मौके पर पहुंचे और आनन फानन में अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उनको मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गये और शव को लेकर अपने घर चालीसवाँ आ गए। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास तीन लड़के, दो लड़कियां जिसमें पहली लड़की की शादी होने वाली थी। घटना की सूचना पाकर गांव में मातम पसरा हुआ है। घर में खुशी के बजाय मातम छा गया क्योंकि बेटी बेटों के सर से आप का साया उठ जाने से सभी की जिंदगी अंधकार मय हो गई परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

संक्षिप्त समाचार

कर्तव्य के प्रति निष्ठा रखने वाले व्यक्ति का समाज में हमेशा होता है सम्मान: दयाशंकर

तरुणमित्र न्यूज

***रतनपुरा (मऊ)।** कर्तव्य के प्रति निष्ठा रखने वाले व्यक्ति का समाज में सदैव सम्मान होता है। हम जिन तीनों होमगार्डों को आज लंबी सेवा के बाद विदा कर रहे हैं उनके आदर्श और निष्ठा सभी के लिए सदैव प्रेरणा का कार्य करती रहेगी। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष दयाशंकर श्रीवास्तव उर्फ दीपू के जो रविवार को हलधरपुर थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह के मुख्य अतिथि रहे। तीन होम गार्ड सुरेंद्र यादव, सुरेश राम, रमाकांत चौहान को लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत होने पर समारोह पूर्वक उन्हें विदाई की गयी। मण्डल अध्यक्ष ने समारोह में सम्मान उनको विदा कर करते हुए कहा कि अपनी सेवाकाल में इन तीनों ने जवानों ने कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी ड्यूटी निभाई है उसके लिए यह बधाई के पात्र हैं।*

अन्य होमगार्ड को भी इनकी कार्य कुशलता सेवा के प्रति उनकी उत्सुकता और कर्तव्य के प्रति उनकी निष्ठा से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने कार्य से इन लोगों ने समाज में विभाग की जो पहचान बनाई है वह अनुकरणीय है। समारोह में थानाध्यक्ष जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा ने कहा कि शासन प्रशासन की मनसा की अनुरूप क्षेत्रीय जनता की सेवा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी का भरपूर निर्वहन सेवानिवृत इन तीनों होमगार्ड ने किया है। हम उनके कार्य कुशलता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं। इस दौरान होमगार्ड कंपनी कमांडर संतोष कुमार सिंह, बीओ अरविंद कुमार ने भी समारोह को संबोधित किया। इनके अतिरिक्त रतनपुरा होमगार्ड कंपनी के सभी सदस्य एवं थाने के समस्त उप निरीक्षक, सिपाही उपस्थित रहे। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति तीनों होमगार्डों को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र प्रदान देकर सम्मान समारोह पूर्वक विदा किया गया।

जनपद के समस्त थानों/कार्यालयों पर मनायी गयी बाबा साहेब की जयंती

तरुणमित्र न्यूज

***मऊ।** पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों/कार्यालयों पर संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर सलामी दी गयी। समारोह के अवसर पर प्रत्येक थाने पर बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांसुमन अर्पित किया गया।*

कार्यक्रम में संबंधित थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारीगण ने पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहब के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस दौरान उनके द्वारा भारतीय संविधान के निर्माण, सामाजिक समानता, शिक्षा, और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए ऐतिहासिक कार्यों को याद किया गया। बाबा साहब के विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात करने तथा समाज में समानता और न्याय को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया गया।

भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महापुरुषों में से एक बड़ा नाम है बीआर अंबेडकर का: उमेशचन्द्र तिवारी

प्रभारी सीडीओ/डीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन मनाई गई अंबेडकर की जयंती

▸ विकास भवन सभागार में डॉ.अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते डीडीओ यूसी तिवारी।
▸ कार्यालय में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते जिला सूचना अधिकारी डॉ. धनपाल सिंह।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर सोमवार को प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/ जिला विकास अधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रभारी सीडीओ/डीडीओ ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, ए.आर. कोऑपरेटिव, सहायक युवा कल्याण अधिकारी, जिला बचत अधिकारी डॉक्टर शैलेश कुमार, लेखाकार ग्राम्य विकास अभिकरण जयनाथ प्रसाद, नाजिर विकास भवन धनेश कुमार चौहान सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। जयंती कायक्रम के दौरान एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया।

गोष्ठी में जिला विकास अधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी ने कहा कि भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महापुरुषों में से एक बड़ा नाम है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का, जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति और न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किया। डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर ऐसे ही एक महान विचारक, समाज सुधारक, और संविधान निर्माता थे, जिनका जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। हर वर्ष 14 अप्रैल को पूरे भारत में अंबेडकर जयंती मनाई जाती है। उनके विचारों को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि समानता मनुष्य के अधिकारों, सामाजिक न्याय के ध्वजवाहक भारत रत्न डॉक्टर बीआर अंबेडकर ने कहा था, मैं मूर्तियों में नहीं किताबों में हूं। मुझे पूजने की नहीं पढ़ने की जरूरत है।

इसके तत्पश्चात सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारत का संविधान उद्देशिका का शपथ दिलाई गई, कि हम, भारत के लोग, भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, प्राप्त करने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

इस दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बचत अधिकारी डॉक्टर शैलेश कुमार, सहायक युवा कल्याण अधिकारी तथा ए.आर. कोआपरेटिव सहित अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन से संबंधित विचारों को रखा।

इसके अलावा जिला सूचना कार्यालय में जिला सूचना अधिकारी डॉक्टर धनपाल सिंह एवं जिला सूचना कार्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, ए.आर. कोऑपरेटिव, जिला बचत अधिकारी डॉक्टर शैलेश कुमार, सहायक युवा कल्याण अधिकारी, लेखाकार ग्राम्य विकास अभिकरण जय नाथ प्रसाद, नाजिर विकास भवन धनेश कुमार चौहान सहित विकास भवन परिसर में कार्यरत कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय विकास प्रदर्शनी मेला में जनसुविधा की कमी

तरुणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। बाईपास स्थित टाउन इंटर कॉलेज के सामने लगी हुई राष्ट्रीय विकास प्रदर्शनी मेला में अभी भी जन सुविधा अथवा सुरक्षा को लेकर तमाम कमी है। जबकि सुरक्षा को लेकर इस प्रदर्शनी में लगभग आधे से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हुए हैं और उसे सही नहीं कराया गया है जो किसी बड़ी दुर्घटना को दावत दे रहा है। पूछे जाने पर प्रदर्शनी के मैनेजर का कहना है कि दो दिन पूर्व हुई बारिश के चलते कुछ वायर खराब हो गए हैं उसे जल्द ही सही कर दिया जाएगा। इसके अलावा वृद्धि एवं कमाजोर लोगों को प्रदर्शनी देखने के लिए सीढ़ी से चढ़कर नीचे उतरना पड़ रहा है जिससे लोगों को दिक्कतें हो रही है। लोगों ने मांग किया है कि सीसीटीवी सही कराई जाए और अन्य सुविधा भी मुहैया कराई जाए। पत्र के माध्यम से लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस और आकृष्ट कराया है।

रजि. नं. 49166 (U.P.)

हिमानी हॉस्पिटल

(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)

हिमानी हॉस्पिटल ADVANCE WOMEN CARE

डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जन: गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली

डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जन: • डा. एल.एच. हीरानदानी हॉस्पिटल, मुंबई • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली

डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)

सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी

सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन

पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002

परामर्श का समय प्रात: 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
नि:संतान महिलाएं अवश्य मिलें

राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का जिलाधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

बच्चों की रुचियों व जीवन में वास्तविक परिवर्तन हेतु विशेष प्रयास करें: प्रवीण मिश्र

जीके एवं निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर किया सम्मानित

राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर निर्देश देते डीएम प्रवीण मिश्र।

तरुणमित्र न्यूज

मऊ। जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने सोमवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय संप्रेक्षण गृह में बंद बच्चों के पढ़ाई लिखाई, उनको मिलने वाली सुविधाएं, बाथरूम के साफ-सफाई की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने रसोई घर सहित शिक्षण कक्ष तथा लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बैरकों के निरीक्षण के दौरान बच्चों को अपने जीवन को बेहतर बनाने हेतु प्रेरित भी किया। उन्होंने राजकीय संप्रेक्षण गृह में बंद बच्चों की रुचियां के अनुसार दिनचर्या बनाने के निर्देश अधीक्षक को दिए। साथ ही जिला प्रोबेशन अधिकारी को बच्चों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन एवं सुधार लाने हेतु कार्य करने को कहा। उन्होंने बच्चों के स्किल डेवलपमेंट पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। इसके लिए अतिरिक्त गतिविधियां भी कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिला प्रोबेशन अधिकारी को संप्रेक्षण गृह में बंद किशोरों को गुणवत्तापूर्ण भोजन तथा बेहतर सुविधाएं अनवरत उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण के दौरान समस्त बैरकों में बंद बच्चों से वार्ता की तथा उनके जीवन में बेहतर सुधार लाने हेतु बच्चों को एक अच्छा नागरिक बनने हेतु प्रेरित भी किया। साथ ही बच्चों से उनकी रुचियो के अनुसार उनको जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित भी किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय संप्रेक्षण गृह में बंद बच्चों के बीच हुई सामान्य ज्ञान एवं निबंध प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया तथा अन्य समस्त बच्चों को भी कुछ सीखने तथा अपने रुचि के अनुसार स्किल डेवलपमेंट करने हेतु प्रेरित भी किया।

निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह, नगर मजिस्ट्रेट बृजेंद्र कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्वेता त्रिपाठी साहित्य अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय सिविल जज (सी0डि) जिला वाराणसी, वाद सं0 07 सन् 2025 ई0 मनोज कुमार बनाम गोविन्द कुमार पटेल वगैरह बनाम- 1.गोविन्द कुमार पटेल पुत्र स्व0 रामनरायन 2.रामबली पुत्र स्व0 बैजनाथ 3.राजबिहारी 4.बसन्त पटेल 5.गौतम 6.चन्द्रजीत पुत्रगण रामबली सभी निवासीगण ग्राम महगॉव परगना कसवार सरकारी तहसील राजातालाब जिला वाराणसी। चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन दिया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन कि खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 04 माह के 17 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक् रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 07.04.2025 के दिवस को निकाली गई। आज्ञा से-न्यायालय

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय सिविल जज (सी0डि) जिला वाराणसी, वाद सं0 2134 सन् 2024 ई0 अमीनुलहक बनाम हाजी अब्दुल हमीद वगैरह बनाम-1.हाजी अब्दुल हमीद बउम्र बालिग वल्द हाजी अब्दुल मजीद मरहूम निवासी मकान नम्बरी डी0 50/224-225 वाका मोहल्ला काजीपुरा कलां वाड़ दशाश्वमेघ शहर वाराणसी। 2.मोहम्मद तारिक बउम्र बालिग वल्द हाजी अब्दुल मजीद मरहूम निवासी मकान नम्बरी डी0 50/224-225 वाका मोहल्ला काजीपुरा कलां वाड़ दशाश्वमेघ शहर वाराणसी। चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन दिया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन कि खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2025 के 04 माह के 23 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक् रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 12.03.2025 के दिवस को निकाली गई। आज्ञा से-न्यायालय

अदालती नोटिस

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सुचना (आदेश 41 का नियम 14) न्यायालय विशेष न्यायाधीश (आवश्यक वस्तु अधि0) जिला वाराणसी सिविल अपील सं0 03 सन् 2025 ई0, अपीलार्थी प्रशान्त कुमार सिंह बनाम उदय प्रताप सिंह वगै0 प्रत्यर्थी, बनाम- 1.उदय प्रताप सिंह वयस्क पुत्र स्व0 जय शंकर सिंह 2.नरेन्द्र प्रताप सिंह वयस्क पुत्र स्व0 जय शंकर सिंह 3.सुरेन्द्र प्रताप सिंह वयस्क पुत्र स्व0 जय शंकर सिंह 4.योगेन्द्र सिंह वयस्क पुत्र स्व0 रमाशंकर सिंह 5.विरेन्द्र सिंह वयस्क पुत्र स्व0 रमाशंकर सिंह निवासीगण ग्राम खुटहां पोस्ट कैथोर परगना सुल्तानीपुर तहसील व जिला वाराणसी। 6.सुखराजी देवी उम्र लगभग 80 वर्ष पत्नी स्व0 शिवशंकर सिंह 7. विभय नारायण सिंह उर्फ श्यामजी सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्र स्व0 शिवशंकर सिंह निवासीगण ग्राम खुटहां पोस्ट कैथोर परगना सुल्तानीपुर तहसील व जिला वाराणसी। आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में उपरोक्त आदेश की डिक्री व अपील उपरोक्त अपीलार्थी द्वारा उपस्थापित की गई और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा दिनांक 22.04.2025 नियत की गयी है। यदि इस अपील में आप की ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंज्ञात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जायेगी। यह आज दिनांक 27.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गयी। आज्ञा से-न्यायालय

अदालती नोटिस

सम्मन बगरज एनफैसाल मुकदमा आर्डर 5 कायदा 1 व 5 बअदालत सिविल जज (जू0डि0) द्वितीय, वाराणसी, बमुकदमा नम्बर 1365 सन् 2024 ई0 रमाशंकर मिश्रा बनाम अशोक कुमार मिश्रा वगै0 बनाम-1.अशोक कुमार मिश्रा उर्फ राजू पुत्र रामसूरत मिश्रा 2.कुमारी सरोज उर्फ डिक्की पुत्री रामसूरत मिश्रा 3.सुधा चतुर्वेदी उर्फ सौम्या पुत्री रेवती रमण चतुर्वेदी 4.रूद्र प्रताप चतुर्वेदी पुत्र रेवती रमण चतुर्वेदी 5.गायत्री देवी पत्नी विजय शंकर मिश्रा निवासीगण मकान नं0 एन. 2/256, सुंदरपुर वार्ड नगवां शहर वाराणसी 6.दीवाकर उपाश्याय पुत्र जयप्रकाश उपाध्याय निवासी कमान नं0 एन. 2/270 जे-1, करौदी सुसुवाही वाराणसी 7.निशा पाण्डेय पुत्री रामसूरत मिश्रा पत्नी आशुतोष पाण्डेय निवासिनी सुन्दरपुर पुलिस चौकी के पीछे वी मार्छ के बगल में डी.एल.डब्ल्यू तिराहा वाराणसी। बावजह हो कि आपके नाम एकनालिष बाबत दाखिल हुआ है लिहाजा आपको लाजिम है कि खुद या बजरिये अधिवक्ता हाजिर होकर जो कुछ उज्र हो आज तारीख 16 माह 04 सन् 2025 ई0 ववक्त 10 बजे बमुकदमा अदालतन या बजरिये अधिवक्ता अदालत हाजा में हाजिर होकर मुकदमें की पैरवी करे वरना आपके खिलाफ एक तरफा हुक्म सादिर कर दिया जायेगा। वसीका मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज दिनांक 01 माह 04 सन् 2025 ई0 को जारी किया गया। आज्ञा से-न्यायालय

कार्यालय ग्राम पंचायत इन्द्रपुरवा, विकास खण्ड चकिया, चंदौली

पत्रांक: मेमो/निविदा/2024-25

दिनांक- 14.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.04.25 से दिनांक 20.04.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 22.04.25 को समय दिन में 12 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अत: ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकट/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैवर्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेग इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट /सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम से संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्तें-

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

केशरी कुमार
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी इन्द्रपुरवा
विकास खण्ड चकिया, चंदौली

लक्ष्मण
प्रधान- ग्राम पंचायत इन्द्रपुरवा
विकास खण्ड चकिया, चंदौली

संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट धरनीधरपुर, जौनपुर एवं तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 द्वारा तरूणमित्र हि0दै0 के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

कुमार फाउंडेशन एंड कोचिंग सेंटर में डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। कुमार फाउंडेशन एंड कोचिंग इंस्टिट्यूट में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती हर्षोल्लाह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामजन्म चौधरी तथा संचालन सूर्य प्रकाश पांडे ने किया। सर्वप्रथम सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकित श्रीवास्तव ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने समाज और देश को एक नई दिशा दी है। उनका कहना था कि "शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह ही दहाड़ेगा"। इसलिए हम सभी को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। सभा को संबोधित करते हुए मान सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए हुए राहों पर चलना चाहिए। यस पी पांडे ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रारूप समिति के अध्यक्ष थें। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे राम जन्म चौधरी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर देश में ही नहीं पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। संविधान बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके बताए हुए रास्ते पर चलना तथा उच्च से उच्च शिक्षा ग्रहण करके समाज और देश को एक नई दिशा देना हमारा और आप सबका कर्तव्य है। आईए हम शपथ लें कि हम दो रोटी कम खाएंगे लेकिन अपने बच्चों को जरुर पढ़ाएंगे।

इस अवसर पर केपी यादव, अनिता राय, अंकित श्रीवास्तव, मान सिंह, एसपी पांडे, गौरव उपाध्याय, नीरज मिश्रा, अमन श्रीवास्तव, सूर्य अनिल मिश्रा, अनीता श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, रामजन्म चौधरी आदि लोग मौजूद थे।

पुलिस अधीक्षक ने बाबा साहब का मनाई जयंती

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया तथा उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिये किये गये कार्यो एवं विचारों को याद किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेंद्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

चौदह वर्षीय किशोर को ट्रक ने कुचला

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा चौक पर रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें 14 वर्षीय किशोर आयुष की जान चली गई। फरिहा पश्चिम बस्ती निवासी आयुष, पुत्र राजेश, अपने दोस्तों के साथ साइकिल से फरिहा चौक की ओर जा रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए एक ट्रक ने उसे कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि आयुष ट्रक के पहियों के नीचे आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस बुलाकर उसे रानी के सराय अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद आयुष की जान नहीं बच सकी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। गुस्साए लोगों ने ट्रक को कब्जे में लेकर पुलिस को सूचना दी। निजामाबाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव का फर्जी शिलालेख लगाने का भाजपाइयों ने किया विरोध

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आजमगढ़ के मेहता पार्क में समाजवादी पार्टी (सपा) पर फर्जी विकास कार्य का शिलापट्ट लगाने का गंभीर आरोप लगाया है।

भाजपा के अनुसार, यह घटना डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के समीप उस समय हुई जब पार्टी के कार्यकर्ता प्रतिमा की स्वच्छता और दीप प्रज्वलन के लिए निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हरवंश मिश्रा, नगर अध्यक्ष मृगांक शेखर सिन्हा, पूर्व नगर अध्यक्ष विनय प्रकाश गुप्ता, अवनीश चतुर्वेदी सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता जब मेहता पार्क पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि अंधेरे में सपा के कुछ लोग फर्जी विकास कार्य का शिलापट्ट लगा रहे थे। भाजपा नेताओं ने इसका तत्काल विरोध किया और जिला प्रशासन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह को सूचना दी।

जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों से बात की, जिन्होंने स्पष्ट किया कि मेहता पार्क में वर्तमान में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। प्रशासन ने सपा सांसद द्वारा लगाए जा रहे फर्जी शिलापट्ट को तुरंत हटवा दिया। ध्रुव सिंह ने इस घटना को संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर और दलित समाज का घोर अपमान बताया।

उन्होंने कहा, "सपा सांसद द्वारा बिना विकास कार्य के फर्जी शिलापट्ट लगवाना निंदनीय है। हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।" इस निन्दनीय कृत्य के लिए अखिलेश यादव और धर्मेंद्र यादव को सर्व समाज के बीच माफी मांगनी चाहिए।

उत्तर प्रदेशीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति ने अंबेडकर जी का जयंती धूमधाम से मनाया

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। कलेक्ट्रेट स्थित अंबेडकर पार्क में उत्तर प्रदेशीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बेसिक शिक्षक कल्याण समिति द्वारा डा0बी0आर0 अम्बेडकर जयंती महापर्व समारोह प्रातः 8बजे से अपराह्न 2 बजे तक गाजे बाजे के साथ धूमधाम से मनाया गया। जिसमें यूनियन बैंक आजमगढ़ के तरफ से जलपान की उत्तम व्यवस्था की गई थी। समारोह में आये लोगों ने जलपान का लुत्फ उठाया। समारोह के संयोजक लालचन्द राम, अध्यक्ष हरिहर राम, उपाध्यक्ष राजकुमार, महामंत्री मिथिलेश कुमार, मंत्री शेर बहादुर, आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

सरकार क्षत्रियों की है... मार कर भंगी बना देंगे

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र के शाहगढ़ क्षेत्र में बीते 20 फरवरी को हुए एक सड़क हादसे ने अब जातिगत विवाद का रूप ले लिया है। शाहगढ़ निवासी सौरभ पुत्र राजेश राम ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि एक स्विफ्ट डिजायर कार ने उनके ई-रिक्शा को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसमें उन्हें गंभीर चोटें भी आईं। सौरभ का आरोप है कि कार में सवार लपसीपुर, जहानागंज निवासी दिनेश सिंह, पुत्र रामप्रसाद और उनके साथियों ने जानबूझकर यह टक्कर मारी। प्रार्थी सौरभ जो अनुसूचित जाति से हैं, ने बताया कि हादसे के बाद थाना सिधारी में दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई गई। सुलह के तहत विपक्षी ने ई-रिक्शा की मरम्मत और प्रार्थी के इलाज का खर्च उठाने का वादा किया था।

सौरभ का दावा है कि विपक्षी ने न तो ई-रिक्शा ठीक कराया और न ही कोई खर्च दिया। जब सौरभ ने फोन पर विपक्षी से इस बारे में बात की, तो उन्हें जातिगत गालियां दी गईं और धमकी दी गई कि "भाजपा की सरकार क्षत्रियों की है, भाग जाओ वरना मारकर भंगी बना देंगे।" सौरभ ने इसकी शिकायत स्थानीय थाने में की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। सौरभ ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि विपक्षी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलाया जाए। एसएसपी के आदेश पर थाना सिधारी पुलिस ने आरोपियों खिलाफ मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी।

कांग्रेस कार्यालय में डा0 भीमराव अंबेडकर जी का जयंती मनाया गया

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। कांग्रेस कार्यालय में शहर अध्यक्ष रियाजुल हसन के अध्यक्षता में आयोजित डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। डा0 अंबेडकर जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही विचार गोष्ठी का भी आयोजन हुआ।

सभी लोगों ने अंबेडकर जी की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रकाश डाला। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में चन्द्र पाल यादव, राम गणेश प्रजापति, सुरेंद्र सिंह, शीला भारती (महिला जिलाध्यक्ष) मिर्जा शाने आलम, बेलाल अहमद,पूनवासी, दिनेश यादव, हरिओम उपाध्याय, ओमप्रकाश यादव(जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विभाग),मो0 नजम शमीम (पूर्व शहर अध्यक्ष) प्रदीप यादव, श्यामदेव यादव, मुन्नू मौर्य, सीमा भारती,राम प्यारे यादव,बालचन्द राम, हरिनाथ, बृज भूषण मौर्य,बृजेश पांडेय, जितेंद्र प्रसाद, धर्मेन्द्र यादव, शंभू शास्त्री, आदि कांग्रेसी रहें। कार्यक्रम का श्रेष्ठ संचालन एड0 तेज बहादुर यादव ने किया।

जयंती के पूर्व भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को किया क्षतिग्रस्त

तरूणमित्र न्यूज

आजमगढ़। जनपद के जहानागंज क्षेत्र के लपसीपुर ग्राम सभा तैय्यबपुर मौजा में स्थित संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना से क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है। यह घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है, जहां कुछ अज्ञात शरारती तत्वों द्वारा प्रतिमा को नुकसान पहुंचाया गया। सोमवार सुबह जब ग्रामीण अंबेडकर जयंती मनाने के लिए साफ सफाई करने पहुंचे तो देखा कि अंबेडकर प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जैसे ही इसकी सूचना ग्रामीणों में पहुंची तो वे गुस्से और दुख की लहर दौड़ गई।

बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर एकत्र हो गए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार अपने हमराहियों संग मौके पर पहुंचे पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए लोगों को शांत कराया और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने तत्काल मूर्ति मरम्मत करने का आश्वासन दिया।

समानता और सामाजिक न्याय के प्रति बाबा साहब अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

तरूणमित्र न्यूज

मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नगर और ग्रामीण अंचलों में भारत रत्न, संविधान निर्माता और सामाजिक समरसता के पुरोधा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती अपार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने बाबासाहेब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें कृतज्ञता सहित स्मरण किया। नगर क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें "बाबा साहब अमर रहें" के नारों से वातावरण गूंज उठा।

यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों- गोलंबर, मुख्य बाजार, रूई मंडी, सब्जी मंडी, दाल मंडी और लाठी मोड़ से होकर गुजरी। स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया और बाबा साहब की शिक्षाओं को जनमानस तक पहुंचाने का प्रयास किया। इससे पूर्व, 13 अप्रैल को क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाओं, सार्वजनिक स्थलों और पार्कों की सफाई की गई। इसमें ग्राम प्रधानों, सचिवों और सफाईकर्मियों ने मिलकर सहभागिता निभाई, साथ ही नागरिकों को स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता का संदेश भी दिया। डॉ. अंबेडकर का जीवन दलितों, वंचितों और शोषितों के अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक रहा है। वे न केवल संविधान के निर्माता थे, बल्कि मानवाधिकारों के सजग प्रहरी और समानता के मजबूत स्तंभ भी थे। उनके विचार आज भी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने उनके सिद्धांतों को अपनाने और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की1 34वीं जयंती

तरूणमित्र न्यूज

भांवरकोल (गाजीपुर)। क्षेत्र के ब्लॉक मुख्यालय सहित समस्त ग्राम पंचायतों में डॉश बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जन्म जयंती राजकीय सम्मान के साथ मनाई गई।

इसके पूर्व कल 13 अप्रैल को क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत में विशेष कर डॉश अंबेडकर की मूर्तियों,पार्कों, एवंअन्य सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कर्मियों सचिवों एवं ग्राम प्रधानों द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में आज क्षेत्र पंचायत मुख्यालय भांवरकोल में खंड विकास अधिकारी श्री महेंद्र प्रसाद यादव द्वारा बाबा साहब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत सूर्यभान राय ने अपने संबोधन में डा0 अंबेडकर को सामाजिक न्याय, दलित, वंचित, शोषित और महिलाओं का उद्धारक बताया।

इस अवसर पर समस्त कर्मचारियो ने डॉश आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर एडीओ समाज कल्याण संजय कुशवाहा सचिव पंकज त्रिपाठी, सोमनाथ शुक्ला, लेखा लिपिक प्रमोद बाबू, हरिशंकर प्रधान, विपुल कुमार आदि उपस्थित रहें। इसी क्रम में लोचाईन गांव से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जो विभिन्न गांवों से होते हुए मच्छटी पहुंची। सुरक्षा के लिहाज से थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी सदल- बल मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत केराडीह, विकास खण्ड चकिया, चंदौली

पत्रांक: मेमो/निविदा/2024-25

दिनांक- 14.04.2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां केन्द्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से एस.एल.डब्ल्यू.एम. (SLWM), पौधरोपण, डस्टबिन, सोलर लाइट, इण्टरलाकिंग, नाली, खड़ंजा, पुलिया, हैण्डपम्प, सोख्ता, गड्ढा, डेस्क, बेंच, ग्रीन बोर्ड, दिशासूचक बोर्ड, सुन्दरीकरण, पौधरोपण, प्लम्बरिंग कार्य, सफाई किट, ब्लीचिंग पाउडर, स्ट्रीट लाइट, सी.सी. टीवी कैमरा, खेलकूद सामग्री, कोविड-19 कोरोना किट, फागिंग मशीन, सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि गृह, एनएम सेन्टर, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/मरम्मत, गौशाला निर्माण, भूसा चारा, विद्यालय का कायाकल्प, बाउण्ड्री वाल, पी.वी.सी. पाईप विभिन्न साईज में, मरम्मत, भवन निर्माण सम्बन्धित सामग्री एवं ग्राम पंचायत में अन्य कार्य हेतु सामग्री क्रय के लिए ग्राम पंचायत में सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15.04.25 से दिनांक 20.04.25 को 02.00 बजे तक सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा की जा सकती है। जो दिनांक 22.04.25 को समय दिन में 11 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्य कराने हेतु इण्टरलाकिंग ईंट, ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, एस.ओ.बी. ईंट, सीमेन्ट, बालू, सरिया, लकड़ी/लोहे का दरवाजा, पेन्ट, विद्युतीकरण हेतु इलेक्ट्रिक सामग्री, शौचालय शेड, ह्यूम पाइप, टाइल्स गिट्टी, चूना, ट्रीगार्ड, हाइमास्क लाइट, कोरोना किट सहित, खेलकूद व पार्क में व्यायाम करने से संबंधित सामग्री आदि की आवश्यकता होगी। अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड/जनपद के पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.सं.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी / एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेन्ट	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन ब्लास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईंट गिट्टी 20 एम.एम./42एम.एम.	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनल आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/ इण्टरलाकिंग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/ स्ट्रीट लाईट / हाइमास्क सोलर लाइट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/ पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी0	
11	ढक्कनदार नाली निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आवश्यकतानुसार		
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी0	
13	सफाइकर्मी स्वच्छता किट /सेनेटाइजर, डस्टबीन सहित अन्य संबंधित सामग्री	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम से संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/ रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी0	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि	प्रति नग	
18	वाल पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी0	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम, स्कूल के लिए डेक्स व बेन्च।	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डपम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		

नियम एवं शर्तें-

1. सामग्री की मात्रा कार्य स्वीकृत होने के बाद निर्धारित की जायेगी।
2. आवश्यकतानुसार सामग्री आपूर्ति प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी के आदेश पर ही की जायेगी, अन्यथा नहीं।
3. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा 50 रुपये के स्टाम्प पेपर पर बॉण्ड भरना अनिवार्य होगा तदोपरान्त आपूर्ति किया जायेगा।
6. सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जायेगा।
7. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य तथा आयकरदाता हो प्रमाणित छायाप्रति संलग्न की जाय।
8. प्रस्तुत दर पी.डब्लू.डी. के स्वीकृत दर से अधिक न हो।
9. सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा में की जानी अनिवार्य होगी।
10. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की दशा में भुगतान की धनराशि नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
12. आपूर्तिकर्ता को 4% वाणिज्यकर एवं 2.24% आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा।

केशरी कुमार
ग्राम विकास/ग्राम पंचायत अधिकारी केराडीह
विकास खण्ड चकिया, चंदौली

जसवन्त
प्रधान- ग्राम पंचायत केराडीह
विकास खण्ड चकिया, चंदौली

GOVT. RECOGNISED CBSE (CURRICULUM)
ADMISSION OPEN
Playway & Activity Based Learning
BLOSSOMS SCHOOL
Dhalgar Tola, Manik Chauk, Jaunpur
Sheetala Chaukiyan Jaunpur
www.blossomschool.org.in bloosmschool.jais@gmail.com
9838980755
9336513314

NIRMALA DEVI POLYTECHNIC & Pharmacy College
(D Pharma Course) | AICTE & UPBTE Approved
ADMISSION OPEN 2025-26
B. PHARMA AND D. PHARMA
Course Name | Bus Facility
Electrical & Electronics Engineering
Mechanical Engineering Production
Mechanical Engineering Automobile
Electrical Engineering
Civil Engineering
Adress: Near Gaurabadshahpur Police Statiion, Nayansand, Jaunpur (U.P.)
Contact No. 9415234998, 7839456998, 9839449646, 7080956598, 8787010634, 8808800929
Website: www.ndpc.co.in E-mail: dnirmala432@gmail.com

स्टाफ नर्स के प्रशिक्षण के लिए
अवध पैरा मेडिकल कालेज, जौनपुर
708, विशेषरपुर (पचहटिया) शीतला चौकियाँ, आजमगढ़ रोड, जौनपुर फोन- 05452-263982
G.N.M., A.N.M., B.Sc.(Nursing)
Post Basic, D.Pharma, B.Pharma
G.N.M.
सामान्य नर्सिंग एवं मिडवाइफरी के 3 वर्षीय डिप्लोमा प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
योग्यता: 10+2 या समकक्ष परीक्षा में कम से कम 90% अंक
चयन प्रक्रिया: मेरिट के आधार पर
आयु सीमा: 17–35 वर्ष
छात्रावास की सुविधा
आवेदन पत्र एवं अन्य विवरण के लिए सम्पर्क करें
डा. रामअवध यादव
Mob.: 8931931199
9415273329
डा. शकुन्तला यादव
प्रबन्ध निदेशक
Mob.: 9889377675
9415207436
KUNWAR DAS MEDICAL CENTRE PVT. LTD. 708, Vishesharpur (Panchahatiya), Sheetala Cahukiya, Azamgarh Road, Jaunpur-222106

शुभ लग्न ऑफर
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
कोठी परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
त्यौहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्रान्डेड ज्वेलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का मौका दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांश बैंकर मो. 09838435680 - ए.सी. शोरूम
सम्बंधित फर्म-
परसोत्तम राम नरेन्द्र कुमार बैंकर ख्वाजगी टोला, स्टेशन रोड, जौनपुर
कोठी परसोत्तम राम राजाराम बैंकर्स कोतवाली चौराहा, जौनपुर

पेट, आँत, लीवर, किडनी, ब्रेस्ट, प्रोस्टेट, बच्चेदानी आदि रोग की सुरक्षित गुणवत्ता पूर्ण एडवांश मेडिकल एवं सर्जिकल इलाज के लिए राष्ट्रीय प्रमाण-पत्र
NABH & ISO द्वारा प्रमाणित अस्पताल
डा. लाल बहादुर सिद्धार्थ
M.B.B.S., M.S. Surgery, F.I.M.S.A., M.I.A.G.E.S.
SR. (Gastro Surgery,) M.I.M.S.A., F.A.I.S., F.I.C.S.
(गैस्ट्रो, लेप्रोस्कोपिक एवं कैंसर सर्जन)
जनता के बेहतर और कल्याण के लिए केन्द्र सरकार की सौगात
आयुष्मान भारत योजना
के अन्तर्गत
5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
गोल्डेन कार्ड प्रतिदिन बनता है
न्यू हेरिटेज
सिद्धार्थ हास्पिटल
मल्टी स्पेशिएलिटी साइंस एवं रिसर्च सेन्टर
सुन्दरनगर उमरपुर हरिबंधनपुर, (निकट मैहर देवी मंदिर) जनपद जौनपुर
मो.नं.: 9415315405, 9598725959, 9838259535
Email: siddhathhospitaljnp@gmail.com, siddharthhospital.jaunpur@yahoo.com
बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ

Registration Form Available Now
(Admission Through Entrance Exam Only)
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
SAVITRI CONVENT HIGH SCHOOL
We Shape The Future
Limited Seats Only
SILVER JUBILEE OF 21st CENTURY OFFER
100% Discount on Admission Fee From Today to 10th April 2025
पढ़ाई आसान, रिजल्ट शानदार
हर बच्चे को पढ़ाई के लिए मिलेगा सही गाइडेंस
स्कूल की 3 नयी सुविधाएं
✓ हर महीने माता-पिता के लिए लर्निंग रिपोर्ट
✓ पढ़ाई की नई शिक्षा नीति पर आधारित ट्रैकिंग सिस्टम
✓ घर पर पढ़ाई, रिवीजन और प्रैक्टिस के फ्री टूल्स
OUR MISSION
YOUR CHILD'S BEST ACADEMIC GROWTH
Contact: Dr. Ajit Asthana
Director (Administration)
Mob.: 9305963991, 6394015955
490-A, Civil Lines
Ambedkar Tiraha
Miyanpur, Jaunpur-222002
SAVITRI CONVENT SCHOOL | Ambedkar Tiraha, Jaunpur | 9305963991

ST. XAVIER SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E., New Delhi (10+2)
ADMISSION OPEN
2025-26
Nur. to IX & XI (Bio./Math.)
FACILITY
• Science & Math Lab
• Extra Curricular Activities
• Indoor & Outdoor Games
• Robotics, Computer Lab & Library
• Transport Facility From Every Corner
ADMISSION FEE OFF
TILL 31st March 2025
6393656156, 9235308088, 9120656156
Harakhpur, Shakarmandi Police Chowki, Jaunpur
Bari Road, Pilkhini, Gaurabadshahpur, Jaunpur

CMM ENGLISH SCHOOL
THE CREATIVE BEST EDUCATION
ADMISSION OPEN 2025-26
Technology Enabled Education...
Our Special Features
Successful Result Since Inception.
Child Centered Education.
Qualified and Efficient Teachers.
Green Environment.
Student Friendly Ambience.
CCTV Camera.
YAHIYAPUR POWER HOUSE ROAD
RASHIDABAD, JAUNPUR
9451363534
7310383940
cmmenglishschool@gmail.com
Cmm English School
Cmmesjnp

नि:सन्तान दम्पति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर
जौनपुर
सेवा का अवसर दें
.... निवेदक ....
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी
पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

जौनपुर शोरूम- पॉलिटेक्निक चौराहा, मिर्जापुर रोड, रूहट्टा, जौनपुर
सम्पर्क- 7309096302, 7000006397
सुल्तानपुर शोरूम- सम्पर्क 1088/8, डी.एम. आवास के सामने सिविल लाइन्स, सुल्तानपुर
सम्पर्क- 7800006396
गाजीपुर शोरूम- सकलेनाबाद, रसूलपुर, गाजीपुर- 233001
सम्पर्क- 9415207229, 7800006395

पटना के विश्वकर्मा टिम्बर में लगी भीषण आग, 10 घर भी चपेट में आए

पटना, 14 अप्रैल। राजधानी पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र के पीरमुहानी के पास रविवार देर रात एक भीषण अग्निकांड ने दहशत मचा दी। विश्वकर्मा टिम्बर में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिसकी चपेट में आसपास के 10 घर आ गए। इस घटना में लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य की लकड़ी जलकर राख हो गई। घटना की सूचना रात करीब 1:30 बजे फायर कंट्रोल रूम को मिली, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। आग की लपटों और धुएं के बीच 40 लोग घरों में फंस गए थे। फायर ब्रिगेड की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अग्निशमन कर्मियों की सूझबूझ और तत्परता के कारण कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन संपत्ति का भारी नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के घरों को खाली करने का समय भी नहीं मिला।

9 घंटे तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन: फायर ब्रिगेड की टीमें पूरी रात आग बुझाने में जुटी रहीं। करीब 9 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन सुबह तक भी घटनास्थल से धुआं उठता रहा। विश्वकर्मा टिम्बर में रखी लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री ने आग को और भड़काने का काम किया। आसपास के घरों में रखा सामान, फर्नीचर और अन्य जरूरी चीजें भी जलकर खाक हो गईं।

जांच के लिए कमेटी गठन की मांग: अग्निशमन पदाधिकारी मनोज नट ने इस अग्निकांड को गंभीर बताते हुए इसके कारणों की जांच के लिए एक कमेटी गठन की अनुशंसा की है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग का कारण माना जा रहा है, लेकिन सटीक कारण का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जरूरी है।

'हमलावरों के घर पर बुलडोजर चलाओ'

गुना में सड़क पर उतरे हिंदू संगठन, प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज

गुना, 14 अप्रैल। मध्य प्रदेश के गुना में हनुमान जयंती पर निकाले जा रहे जुलूस पर पथराव के बाद से तनाव का माहौल जारी है। पथराव की घटना के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्यों द्वारा हनुमान चौक पर विरोध प्रदर्शन हुआ। इस दौरान स्थिति को बेकाबू होता देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया। प्रदर्शन में शामिल लोग हनुमान जयंती शोभा यात्रा पर हमले के आरोपियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इन्होंने मांग की है कि पत्थर मारने वाले सभी अपराधियों को जल्दी गिरफ्तार किया जाए और इनके घरों पर बुलडोजर चलाए जाएं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कर्नलगंज में दोबारा घुसने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। इसके बाद वे वापस कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। गुना के हनुमान चौराहे पर करीब 11:30 बजे से कार्यकर्ता एकजुट होने लगे थे। सभी कलेक्टर ऑफिस में एक ज्ञापन सौंपने जा रहे थे। इसमें आरोपितों के घरों पर बुलडोजर चलाने की मांग की गई। करीब दोपहर 12 बजे कार्यकर्ता रवाना हुए, लेकिन एक टोली हॉट रोड की तरफ जाने लगी। यहां जगत सिनेमा के पास से पुलिस ने कार्यकर्ताओं को खदेड़ दिया।

हॉलमार्क रजिस्टर्ड प्रतिष्ठान
प्रो. सौरव कुमार बैंकर
Mob.: 7309902476, 7317337000
सौरव ज्वेलर्स
अण्डर ग्राउण्ड शोरूम
हॉलमार्क ज्वेलरी पर 100 प्रतिशत वापसी की गारंटी
रत्नों एवं उपरत्नों का विशाल संग्रह • कलात्मक एवं फैन्सी आभूषणों के विक्रेता
विश्वास की कसौटी पर निरन्तर अग्रसर
मिश्रा काम्पलेक्स, ओलन्दगंज - जौनपुर

महिलाओं के सर्वोत्तम इलाज के लिये
डा. शकुन्तला यादव
(MBBS, DGO, FIMS)
सर्जन एवं महिला रोग विशेषज्ञ
विशेषरपुर, पंचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
उपलब्ध सुविधायें
➪ महिलाओं की सभी बीमारियों का इलाज
➪ सामान्य प्रसव (नार्मल डेलिवरी)
➪ अल्ट्रासाउण्ड परीक्षण एवं पैथालॉजिकल जाँच
➪ महिलाओं के सभी आपरेशन
➪ बाँझपन का सम्पूर्ण इलाज
नोट: समय प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से 3 बजे तक